RNI NO-UPHIN/2023/84340

सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शनिवार, 22 फरवरी 2025 | वर्ष: 03, अंक: 01, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आतिशी ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर बोला हमला

नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आआपा) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला। आतिशी ने कहा कि 31 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री ने द्वारका में एक रैली की थी। इस रैली में प्रधानमंत्री ने सभी माताओं और बहनों से मंच से कहा था कि वो अपने खाते से अपना नंबर लिंक करवा लें क्योंकि पहली कैबिनेट में ही सभी महिलाओं के खाते में 2500 रुपये जमा करने का फैसला हो जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। आतिशी ने कहा कि इसके अलावा उनकी पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र में भी ये वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में ये योजना पारित हो जाएगी। आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कल भाजपा की सरकार ने शपथ ली और कल शाम को 7 बजे भाजपा की दिल्ली सरकार की पहली बैठक हुई। अगर इनकी गारंटी होती तो कल शाम 7 बजे की बैठक में महिलाओं को 2500 रुपये देने की योजना पास होती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आगे आतिशी ने भाजपा द्वारा उठाए गए सीएजी रिपोर्ट के मुद्दे पर भी जवाब देते हुए कहा कि बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने ही विधानसभा में यह रिपोर्ट तत्कालीन स्पीकर राम निवास गोयल को भेजी थी। उन्होंने इसे एक नियमित प्रक्रिया बताते हुए कहा कि हर रिपोर्ट विधानसभा सत्र में पेश की जाती है।

'विकसित भारत के लिए काम कर रहा हर भारतीय'

फ्यूचर लीडर्स बनाने के लिए उनके साथ काम करना और सही दिशा देना जरूरी: मोदी

पीएम मोदी बोले- हर क्षेत्र के लीडर्स का विकास जरूरी

दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित किया। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास बहुत जरूरी है।

हर क्षेत्र के लीडर्स का विकास जरूरी

पीएम ने आगे कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में वहां के नेताओं का विकास बहुत जरूरी है। पीएम ने ये भी कहा कि फ्यूचर लीडर्स को बनाने के लिए भी उनके साथ काम करना और सही दिशा देना जरूरी है। मोदी ने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (SOUL) की स्थापना 'विकसित भारत' की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है बहुत जल्द स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप का विशाल परिसर बनकर तैयार हो जाएगा। पीएम ने कहा, आज हर भारतीय 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम लीडरशिप की जरूरत है।

मजबूत लीडरशिप पर भारत का भविष्य निर्भर

पीएम ने कहा कि आने वाले समय में जब हम कूटनीति से टेक इनोवेशन तक एक नई लीडरशिप को आगे बढ़ाएंगे तो सारे सेक्टर्स में भारत का दबदबा कई गुना बढ़ेगा।

मोदी ने कहा कि इसका मतलब है कि भारत का पूरा विजन और भविष्य एक मजबूत लीडरशिप पैदा करने पर निर्भर होगा।

गुजरात लीडरशिप का बेहतरीन उदाहरण

पीएम ने गुजरात और महाराष्ट्र के अलग होने की बात सुनाते हुए गुजरात को लीडरशिप का बेहतरीन उदाहरण बताया। पीएम ने कहा कि गुजरात जब अलग हुआ उसके पास कुछ नहीं था, लेकिन लीडरशिप ने सब काम कर दिया।

मजबूत लीडरशिप पर भारत का भविष्य निर्भर: प्रधानमंत्री मोदी

हमें वैश्विक सोच और स्थानीय पालन-पोषण के साथ आगे बढ़ना है: पीएम



पीएम ने कहा कि आने वाले समय में जब हम लो कूटनीति से टेक इनोवेशन तक एक नई नेतृत्व को आगे बढ़ाएंगे तो सारे सेक्टर्स में भारत का प्रभाव और असर कई गुना बढ़ेगा। यानी एक तरह से भारत का पूरा विजन और भविष्य एक मजबूत नेतृत्व पीढ़ी पर निर्भर होगा, इसलिए हमें वैश्विक सोच और स्थानीय पालन-पोषण के साथ आगे बढ़ना है।

मुख्य भाषण भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोग्बे का हुआ

नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद मुख्य भाषण भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोग्बे का हुआ। दो दिन के इस सम्मेलन में राजनीति, खेल, कला, मीडिया, आध्यात्म, लोकनीति, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां अपनी सफलता की गाथा साझा करेंगी।

कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं: पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं आज का कार्यक्रम भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, 'जन से जगत', किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है।'

'बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है...'

'स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को ट्रांसफॉर्म करना चाहते थे'

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को ट्रांसफॉर्म करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर 100 लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है।

'सारे सेक्टर्स में भारत का प्रभाव और असर कई गुना बढ़ेगा'

पीएम मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है।

ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है।

Reg. No.: 0917500106

सत्यम शिवम हास्पिटल

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

संचालित सत्यम पब्लिक एजूकेशनल सोसाइटी 9/9/1A लुकरगंज प्रयागराज के द्वारा

नोट :- हमारे यहाँ हर समय विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध है और सभी प्रकार का इलाज कुशलता से किया जाता है।

- 150 बेड की व्यवस्था
- आई0 सी0 यू0
- एन0 आई0 सी0यू0
- आपरेशन थियेटर
- वेन्टीलेटर, वाई0 पैप
- ओ0पी0डी0
- ई0 सी0 जी0
- डिजिटल एक्स-रे
- पैथोलॉजी
- अल्ट्रासाउण्ड
- नार्मल डिलीवरी
- आपरेशन से डिलीवरी की व्यवस्था
- 24 घंटा ऑक्सीजन की सुविधा
- 24 घंटा इमरजेन्सी की सुविधा
- एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध

निर्देशक : संजय शुक्ल

सम्पर्क सूत्र : 9451181332, 9198860735

4

कालेज कोड 01083

सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

टिकरी, धरवनपुर, प्रयागराज

सम्बद्ध प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

छात्रवृति की सुविधा भी उपलब्ध है।

Website : http.sssgroup.co.in

हेल्पलाइन नं.: 9451181332, 9198860735

संजय शुक्ल
चेयरमैन

Course
B.A., M.A., B.Sc, M.Sc., (Ag)
B.Com., M.Com., LL.B.
B.A.LL.B., B.Pharma
D.Pharma, ITI, BTC.

राजकुमारी शुक्ला
निर्देशक

1

अमृत जल से स्नान कर पुण्य के भागीदार बने प्रदेश की जेलों में बंद कैदी

हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए संगम आने वालों का आंकड़ा ५९ करोड़ पहुंच गया है। इस अमृत काल में पुण्य की डुबकी से कोई छूट न जाए, सभी की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए योगी सरकार ने प्रदेश की जेल में बंद कैदियों के लिए भी बड़ी पहल की है। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल और जिला जेल के हजारों कैदियों को भी इसका अवसर मिला। यह पावन अवसर पाकर कैदी भाव विभोर हो गए। प्रयागराज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने को उमड़ रहे आस्था के जन सैलाब ने अब तक के सभी पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रशासन द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक महाकुम्भ में करीब ५९ करोड़ लोग संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। योगी सरकार ने प्रदेश में जेल में बंद कैदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए अब उन्हें भी इस पुण्य के भागीदारी बनने का अवसर दिया है। प्रदेश की सभी ६२ जेलों के कैदियों ने त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान किया है। इसके लिए जेल के अंदर ही बड़े-बड़े हौज बनाए गए, जिसमें त्रिवेणी से लाया गया पवित्र जल मिलाया गया। इसी जल से स्नान कर जेल में बंद कैदी भी पुण्य के भागीदारी बने हैं। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल में भी इसके लिए भव्य व्यवस्था की गई। नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल बताते हैं कि नैनी जेल में इस समय १७०० से कैदी है इन्हें १४०० से अधिक कैदियों को त्रिवेणी के पावन जल से स्नान का अवसर मिला है। शासन के निर्देश पर त्रिवेणी से एक कलश में वहां का पावन जल लाया गया। जेल के अंदर विधि विधान से उसका पूजन किया गया और फिर इसी जल को जेल के अंदर बनाए गए कुंड में डाल दिया गया। इसी जल से जेल के कैदियों ने पुण्य स्नान किया है।

प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल के अलावा जिले की जिला जेल के बंदियों को भी अमृत काल में संगम के पुण्य जल से स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने का अवसर मिला। प्रयागराज जिला जेल की वरिष्ठ अधीक्षक अमिता दुबे बताती हैं कि जेल में वर्तमान में १३०० से अधिक बंदी हैं। इनमें १००० से अधिक बंदियों को महाकुम्भ के जल से पुण्य स्नान के लिए व्यवस्था की गई। संगम से लाए गए पवित्र जल को विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद उसी जल से कैदियों ने पुण्य स्नान किया है।

जेल में बंद इन कैदियों ने संभवतः कभी सोचा भी न होगा कि सलाखों के अंदर रहते हुए भी उन्हें १४४ साल के इस दुर्लभ संयोग में त्रिवेणी के पावन जल में स्नान

श्रद्धालुओं/कांवड़ियों की सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत मेला क्षेत्र का डीएम एसपी ने किया भ्रमण

सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी। आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत लोधेश्वर महादेव मन्दिर में आने वाले श्रद्धालुओं/कांवड़ियों की सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ मेला परिसर का भ्रमण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । उक्त भ्रमण में समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

पॉक्सो एक्ट के वांछित गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ०नि० सुभाष व उ०नि० रणविजय सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रहमान पुत्र वाजिद अली नि० बाकरगंज थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को पश्चिम शरीरा के चांदराई तिराहे से कटरी जाने वाली पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया।

डीपी एक्ट के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुग्गी लाल पुत्र मुन्शी लाला नि० उजहिनी आइमा थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को फकीराबाद चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

आठ वारण्टी अभियुक्तो को पुलिस ने दबोचा

स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। कप्तान के निर्देश पर अभियान चलाकर जनपद पांच थानों की पुलिस ने आठ वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना महेवाघाट उपनिरीक्षक गौरव त्रिवेदी ने 2 वारण्टी अभियुक्तो आल्हा सरोज पुत्र किशुन लाल विजय कुमार पुत्र बोडीलाल नि०गण अन्धावा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया।

पिपरी पुलिस ने 3 वारण्टी अभियुक्तों मसुरियादीन . बुल्ला पासी पुत्र गण रामभजन पासी . अर्जुन पासी पुत्र माने पासी नि० गण भोजपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार किया।

थाना चरवा पुलिस उ०नि० धीरेन्द्र सिंह ने वारण्टी अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र मिठाई लाल नि० कृष्णाडोली थाना चरवा को गिरफ्तार किया।

थाना कहाधाम पुलिस उ०नि० रणजीत सिंह ने डीपी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्ता नाथिया देवी पत्नी नथन लाल नि० रघुनाथपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किए। थाना सैनी के चौकी प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने वारण्टी अभियुक्त पप्पू पुत्र सूरजदीन पासी नि० वार्ड नं0 03 अनुवा थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया।

बकेवर पुलिस द्वारा पांच वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर । पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना बकेवर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त हरिश्चन्द पुत्र मंगली प्रसाद निवासी ग्राम बिजौली थाना बकेवर जनपद फतेहपुर, वारंटी अभियुक्त सर्वेश यादव पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम टिकरा थाना बकेवर जनपद फतेहपुर, वारंटी अभियुक्त अजय पुत्र प्रताप निवासी ग्राम बिजौली थाना बकेवर जनपद फतेहपुर, प्रेमचन्द पुत्र मंगली निवासी ग्राम बिजौली थाना बकेवर जनपद फतेहपुर, भानू पुत्र प्रताप निवासी ग्राम बिजौली थाना बकेवर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

पास्को एक्ट वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना चांदपुर पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कौशल किशोर उर्फ बीरू पुत्र कुम्भकरण नि0ग्राम रामपुरकुर्मी थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

फतेहपुर पुलिस का प्रयास हर महिलाएं हो जागरूक

सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर । पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

कप्तान ने एडिशनल एसपी के साथ यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से कराया संचालित

ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज
कौशांबी।

महाकुम्भ 2025 के अवसर पर यातायात/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह के साथ थाना कोखराज अंतर्गत बरीपुर व सकाढा तिराहा डायवर्जन प्वाइंट पर कैंप करके श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए यातायात व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित कराई जा रही है। यातायात व्यवस्था की निगरानी लगातार ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी की जा रही है। जनपद में श्रद्धालुओं का आवागमन सुव्यवस्थित रूप से हो रहा है। प्रमुख मार्गों पर क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा, सीओ शिवांक सिंह व अन्य कर्मचारीगण ड्यूटी पर मुस्तैद हैं।

महाकुम्भ : भूरा मठ में पांच सौ स्वच्छताग्रहियों को किया गया सम्मानित

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। महाकुम्भ नगर सेक्टर-१८ में हरिश्चन्द्र मार्ग स्थित श्री स्वामी ड्रांगा जी महाराज संस्थान (भूरा मठ अन्नक्षेत्र) में शुक्रवार को पांच सौ स्वच्छताग्रहियों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को स्वच्छताग्रहियों को भोजन प्रसाद के बाद अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष विद्यामार्तंड अरविंद स्वामी ने कहा कि महाकुंभ में स्वच्छताग्रहियों के पास सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। परिसर को इन्हीं लोगों ने सफाई की। स्वच्छ महाकुंभ का संदेश इन लोगों ने पूरी दुनिया को दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी सम्मान के हकदार हैं। जिस प्रकार से सैनिक देश की सीमाओं से दुश्मनों को दूर भगाते हैं उसी प्रकार से स्वच्छताग्रही देश के अंदर गंदगी को दूर भगाते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि सफाई कर्मी स्वच्छता अभियान के सच्चे प्रहरी हैं। उन्हीं के प्रयासों से शहर और महाकुम्भ नगर में साफ रखने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि २० दिसम्बर २०२४ से २६ फरवरी तक अनवरत अखंड अन्नक्षेत्र (भंडारा) चलता चलता रहेगा। अन्नक्षेत्र शिविर द्वारा अब तक लगभग १५ लाख श्रद्धालुओं और संतों को अन्नदान एवं वस्त्रदान किया जा चुका है। बताया कि १३१ वर्षों से तीर्थराज प्रयाग में संस्था अन्नदान शिविर लगाती आ रही है।

दिनदहाड़े गोलियों बम से हमला चार लहूलुहान

एक दिन पहले भी रास्ते में रोक कर लात जूता लाठी डंडे से हमलावरों ने की थी पिटाई

सबसे तेज प्रयागराज

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र सेवथा गांव में शुक्रवार को दिनदहाड़े दर्जनों लोगों ने बम और तमंचा से फायरिंग शुरू कर दी जिससे गांव में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया इस बमबारी और गोलीबारी में चार लोग घायल हो गए हैं मामले की सूचना मिलते ही दलबल के साथ पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे पीड़ित परिवार के लोगों ने नामजद तहरीर दी है आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है।

जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के सेवथा गांव निवासी राजेश सिंह गुरुवार की शाम को बाइक से नेवादा जा रहे थे रास्ते मे कपिल ने बाइक ओवरटेक किया इसी बात को लेकर बहस हो गई जिस पर कपिल सिंह और उसके भाई ने राजेश सिंह को लात जूता लाठी डंडे से पीट दिया आरोप है कि दबंग ने माफी मांगने के नाम पर पीड़ित को घुटने पर ला दिया और उससे पैर छुआ कर माफी मंगाई इतना ही नहीं मुआवजे के नाम पर उससे 8000 पर छीन लिया बात यही नहीं खत्म हुई दूसरे दिन शुक्रवार को हमलावर कपिल सिंह उसके भाई विक्रम सिंह उनके पिता बादाम सिंह अपने कई अन्य साथियों के साथ लाठी डंडा तमंचा लेकर दो पहिया और चार पहिया गाड़ी से राजेश सिंह के घर पहुंच गए और गाली गलौज करते हुए ललकारते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी गांव में जमकर आतंक उवर्द्व किया गया जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक राजेश सिंह रामवती नीरज मोहित घायल हो गए खून खराबा देखकर गांव में हड़कम्प मच गया आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही हमलावर गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से फरार हो गए जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

पुलिस ने पास्को एक्ट के आरोपी को दबोचा

सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रामसनेहीघाट पुलिस पास्को एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया। रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त

रामऔतार रावत पुत्र गौरीशंकर निवासी ग्राम कुडवासा मजरे रामपुर राय साहब थाना रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

नेशनल हाइवे पर बर्थडे पार्टी करने वाले 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना थरियांव पुलिस द्वारा गुरुवार को नेशनल हाइवे के सर्विस लेन पर 4 आरोपीगण द्वारा बर्थडे पार्टी कर आवागमन अवरुद्ध एवं लोक न्यूसेन्स की स्थिति उत्पन्न किया गया था, जिसको तत्काल संज्ञाने लेते हुए थाना थरियांव पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध पंजीकृत करते हुए आवश्यक कार्यवाही की गयी ।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता

साहिल पुत्र भुल्लन सैनी निवासी चकबरारी बिलिन्दा, आकाश गुप्ता पुत्र स्व0 अनिल कुमार निवासी चकबरारी बिलिन्दा थाना थरियांव, शुभम कुमार पुत्र जितेन्द्र दूबे निवासी चकबरारी बिलिन्दा थाना थरियांव जनपद फतेहपुर. फैजान पुत्र निराले निवासी चकबरारी बिलिन्दा थाना थरियांव जनपद फतेहपुर ।

दरियाबाद पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी। कप्तान दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर दरियाबाद पुलिस दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को शुक्रवार गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

थाना दरियाबाद पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को वांछित अभियुक्त दीपक पुत्र लालता प्रसाद उर्फ ननकऊ निवासी डेहवा मजरे किला बेलहरी थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर थाना कोतवाली नगर पुलिस वांछित आरोपी की तलाश में जानलेवा हमले के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को वांछित अभियुक्त फिरोज आलम उर्फ शदे पुत्र मो0 कलीम उर्फ शाह आलम निवासी दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

यज्ञ वैदिक संस्कृति का प्रधान अंग : महंत दुर्गा दास

किन्नर अखाड़ा में श्री श्री अर्द्धनारीश्वर महायज्ञ की पूणार्हुति

सबसे तेज प्रयागराज
महाकुंभ नगर। महाकुंभ नगर में लगे किन्नर अखाड़ा में आज श्री श्री अर्द्धनारीश्वर महायज्ञ की आज पूणार्हुति हुई। किन्नर अखाड़ा के संरक्षक / संस्थापक महन्त दुर्गा दास नंद गिरी महराज ने बताया कि यज्ञ वैदिक संस्कृति का प्रधान अंग है। अतः सुख शांति के स्थापनार्थ सबको श्रद्धा पूर्वक वेदोक्त यज्ञों को अपनाना चाहिए। सामान्यतः कुशलता पूर्वक जो देव अनुष्ठान किया जाता है, उसे "यज्ञ" कहते हैं, समष्टि सम्बंध होने से उसी को महायज्ञ कहते हैं। उन्होंने कहा कि अर्धनारीश्वर शब्द संस्कृत से लिया गया है इसमें तीन शब्दो का मिश्रण हैः अर्ध (आधा), नारी (स्त्री), ईश्वर (देवता) इसका अर्थ है कि एक ऐसा देवता जो अर्ध पुरूष और अर्ध स्त्री है, इतिहास पुराणादि ग्रथों के माध्यम से स्पष्ट है, यद्यपि किन्नर देव योनि श्रृंखला शिव शक्ति के समरूपता का प्रत्यक्ष स्वरूप है।

महंत दुर्गा दास नंद गिरी महाराज ने कहा कि किन्नर वर्ग देवतुल्य, वंदनीय, दर्शनीय तथा पूज्यनीय है। मूलतः श्री श्री अर्द्धनारीश्वर महायज्ञ का पर्याय ही शिवशक्ति यज्ञ है। महाकुम्भ के पुण्य अवसर पर किन्नर अखाड़ा के की ओर से आयोजित श्री श्री अर्धनारीश्वर महायज्ञ में सम्मिलित हो आधिदैविक, आधिभौतिक, आध्यात्मिक तीनों तापों का त्वरित निवारण एवं समस्त कामनाओं की प्राप्ति करें।

महायज्ञ की पूणार्हुति में अखाड़ा के संरक्षक / संस्थापक महंत दुर्गा दास नंद गिरी महाराज ,महामंडलेश्वर स्वामी पवित्रा नंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि, महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी, महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी माही नंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी जगदंबा नंद गिरी, महामंडलेश्वर इन्दूनंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी राजेश्वरी नंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी सतीनंद गिरी सहित बड़ी संख्या में संत, महात्मा और शिष्य शामिल हुए ।

प्रयागराज में 24 फरवरी की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 9 मार्च को होंगी

सबसे तेज प्रयागराज
अजय कुमार
प्रयागराज । उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि प्रयागराज में 26 फरवरी के महाशिवरात्रि स्नान के कारण श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ एवं यातायात प्रबंधन की दृष्टि से 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को स्थगित कर 9 मार्च, रविवार को पुनः आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संशोधन केवल प्रयागराज जनपद के लिए लागू होगा, जबकि अन्य जनपदों में परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होंगी।

मऊआइमा पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। मऊआइमा पुलिस चोरी के आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान चोरी का अभियुक्त कृष्ण कुमार विश्वकर्मा पुत्र ज्ञानचन्द्र निवासी ग्राम तेजपुर थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत नई बाजार चक अफजल उर्फ पूरे लीला चौराहा के पास से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम
उ0नि0 गिरीश चन्द्र मौर्य, उ0नि0 अरविन्द यादव, उ0नि0 अमरेन्द्र सिंह. चौकी प्रभारी अनुराग शर्मा, थाना मऊआइमा पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज।

छत्रपति शिवाजी जी की वीरता को देखते रहे लोग

सबसे तेज प्रयागराज
महाकुंभ नगर। महाकुंभ नगर के सेक्टर -16 में लगे किन्नर अखाड़ा के शिविर में आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी पार्वती नंद गिरि ने किया जबकि मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज थे। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर स्वामी दीपानंद गिरि ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते आजादी की लड़ाई में छत्रपति शिवाजी महाराज के दिए गये बहुमूल्य योगदान पर विस्तार से चर्चा किया।

पुणे के कलाकारों ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा मुगलों को मुंहतोड़ जवाब देने की रणनीति और लड़ाई में बुरी तरह से पराजित करने का शानदार मंचन किया। कलाकारों के वीरतापूर्ण मंचन की प्रस्तुति पर तालियां बजती रही। मंचन करने वालों में शुभम पवार, बालाजी सुरवसे, साहिल क्यादलवार, गणेश किल्लारी सहित अन्य लोग थे।

कार्यक्रम में किन्नर अखाड़ा के संस्थापक / संरक्षक महंत दुर्गा दास महराज, महामंडलेश्वर स्वामी मनिकंडन महराज, महामंडलेश्वर स्वामी पवित्रा नंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी इन्दूनंद गिरि, श्रीमहंत आरोही नंद गिरि, श्रीमहंत भैरवी नंद गिरि सहित अन्य लोग थे।

असम के सीएम हेमंत विश्वशर्मा ने परिवार सहित किया संगम स्नान

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ से लिया आशीर्वाद

सबसे तेज प्रयागराज
महाकुंभ नगर। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वशर्मा आज तीर्थराज प्रयागराज के महाकुंभ में सपरिवार पहुंचे। उन्होंने धर्मपत्नी श्रीमती रिनिकी भुइंयां शर्मा , सुपुत्र नंदिल विश्वशर्मा, बेटी सुश्री सुकन्या शर्मा के साथ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ के सानिध्य में संगम स्नान कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज के हर्षवर्धन मार्ग स्थित शिविर पहुंचे और वहां पर पूजन, हवन कर असमवासियों के सुख, समृद्धि एवं राष्ट्र की कामना किया। उसके बाद प्रसाद ग्रहण कर एयरपोर्ट से असम के लिए प्रस्थान किया।

गड्ढे में जाने से पलटा ई रिक्शा बाल बाल बचे लोग

सबसे तेज प्रयागराज
लालगोपालगंज प्रयागराज । शुक्रवार को तिराहा पुलिस बूथ के समीप गड्ढे में जाने से ई रिक्शा पलट गया उस पर सवार लोग उसी के नीचे दब गए घटना के बाद चीख पुकार मची तो मौके पर लोगों ने रिक्शा में दबे लोगों को बाहर निकाला शाम करीब छह बजे एक रिक्शा सवारी बैठकर बाजार की तरफ से तिराहा की तरफ से जा रहा था रिक्शा सड़क किनारे खड़ा करने लगा तभी रिक्शे का पहिया बगल में खुदे एक गड्ढे में जा घुसा जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे उसपर सवार दो महिला तीन बच्चे एक पुरुष उसी के नीचे दब गए चीख पुकार मची तो दौड़कर लोगों ने रिक्शे में दबे बच्चे और महिलाओं को बाहर निकाला फिलहाल कोई हताहत नहीं हुआ।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री पहुंचे कलाग्राम

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को शाम कला ग्राम पहुंचे। उप सचिव संस्कृति मंत्रालय राजेंद्र सिंह खींची ने पुष्प कुछ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक केके गोपाल कृष्ण, उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक प्रसन्न गोगी, केंद्र के सहायक निदेशक सुरेंद्र कश्यप समेत अन्य कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

कई प्रांतों की झलक ने दिया अनेकता में एकता का संदेश

रंगारंग कार्यक्रम में निखरा कलाग्राम का मंच

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। सांस्कृतिक कुंभ में कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों से कलाग्राम का मंच निखर उठा। शुक्रवार को गीत, संगीत और लोकनृत्यों के संगम में दर्शकों ने जमकर डुबकी लगाई। विविध संस्कृतिक विविधाओं से ओत-प्रोत भव्य मंच पर विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब रोमांचित किया। सांस्कृतिक कुंभ की इस सांस्कृतिक संध्या में पहली प्रस्तुति कर्नाटक से आए शिवाराज एवं दल की रही। उन्होंने शुरूआत कमसाले नृत्य से किया। इस नृत्य शैली में सौंदर्य की उत्कृष्टता और युद्ध निपुणता का मिश्रण देखने को मिला। अगली प्रस्तुति उत्तराखंड से आए रोशन लाल एवं साथी कलाकारों की रही। वाद्य यंत्रों की थाप और धुनों पर गढ़वाल नृत्य प्रस्तुत कर इन कलाकारों ने मंच पर पौराणिक गाथा को जीवंत किया। कर्नाटक से आए मालिकार्जुन वस्वराज एवं दल द्वारा सिर पर लंबी पगड़ी लगाए और हाथों में ढोल लिए मधुर तान कर्नाटक का लोकनृत्य ढोलू कूनिठा पेश कर खूब तालियां बटोरी। पद्मश्री गद्दम सम्मैया और साथी कलाकारों द्वारा चिन्धु यक्षगान नृत्य प्रस्तुत किया गया। हेमन्त शर्मा एवं दल द्वारा हरियाणा का लोकनृत्य पेश किया गया। इसके बाद गुरु गोपीनाथ ने पारंपरिक नृत्य थिरुवथिरा की प्रस्तुति दी। इस नृत्य में नर्तकों ने केरल के संस्कृति की झलक पेश की। इसके बाद आंध्र प्रदेश की हरिकथा विशेषज्ञ डी. उमा माहेश्वरी और साथी कलाकारों द्वारा संगीत, नृत्य और कविता के माध्यम से हरिकथा की मनोरम प्रस्तुति दी गयी। समित त्यागी एवं साथी कलाकारों ने अपनी मधुर और भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

तेज रफ़्तार अम्फर ने मोटरसाइकिल सवार को रौंदा , हालत गंभीर

सबसे तेज प्रयागराज
लालगोपालगंज प्रयागराज . शुक्रवार की रात एक तेज रफ़्तार डम्फर ने मोटर साईकिल को अपने चपेट में ले लिया जिससे उसपर सवार एक युवक का निचला हिस्सा बुरी तरह से कुचल गया सुचना पर पहुची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजकर डम्फर को अपने कब्जे में लिया स्थानीय कस्बा के तिराहा लखनऊ राजमार्ग पर रात में घटना हुई है पुलिस के अनुसार रामसूरत यादव उम्र ३६ वर्ष पुत्र राजाराम यादव बिवासी खरगापुर मोटर साईकिल से रात करीब नौ बजे कुंडा की तरफ से आ रहा था वह लखनऊ राजमार्ग से लालगोपालगंज कस्बा में दाखिल हुआ था की तभी पीछे से आ रही तेज रफ़्तार डम्फर ने मोटर साईकिल में टक्कर मार दिया घटना के बाद मोटर साईकिल सवार युवक डम्फर के नीचे फसकर कुछ दूर तक घसीटते गया स्थानीय लोगो ने शोर शराबा कर डम्फर को रुकवाकर उसमे फसे मोटर साईकिल समेत युवक को निकाला गया लेकिन तब तक उसके सरीर का निचला हिस्सा कटकर चीथड़े में बट गया था सूचना पर स्थानीय चौकी प्रभारी विपिन पाल मौके पर पहुच कर घायल को इलाज के लिए भेजवाकर घटना के जिम्मेदार डम्फर और चालक को अपने कब्जे में लेकर नवाबगंज थाने भेज दिया दिया।

फूलपुर में अधिवक्ता संशोधन अधिनियम का जमकर विरोध

मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज
फूलपुर । फूलपुर में अधिवक्ता संघ ने शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा पारित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में काली पट्टी बांधकर जहां पूरे प्रदेश में उक्त अधिनियम का जोरदार विरोध हुआ । वही फूलपुर तहसील में भी अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी के नेतृत्व में उक्त बिल का अधिवक्तागण ने जमकर विरोध करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाकर एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा गया। इस दौरान अध्यक्ष शिव पूजन तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता उक्त संशोधन बिल 2025 में धारा 4,धारा 9,धारा 24 ए,धारा 24बी,धारा 26ए,धारा 35 ए,धारा 36,धारा 49ए,धारा 49ए 1,के प्रस्तावित के अलावा ऐसे प्राविधान प्रस्तावित किए गए है जो अधिवक्ताओं के हितों को प्रभावित कर रहे है और अधिवक्ताओं के अधिकार अनुच्छेद 19 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता वा अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन है।जहां प्रदेश भर में अधिवक्तागण इस काले कानून का विरोध कर रहे हैं। वही फूलपुर तहसील में भी सभी अधिवक्ताओं ने कहा कि यह बिल पूरे अधिवक्ता समाज के लिए कुठाराघात है। जिसे अधिवक्ता समाज किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। अधिवक्तागण आशान्वित है, सरकार अधिवक्ता हित को ध्यान में रखकर उक्त बिल वापस करेगी। इस मौके पर उमाकांत अवस्थी एडवोकेट ,देवेश कुमार यादव महामंत्री, भोलानाथ यादव, राकेश कुमार यादव, कुलदीप सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह ,के अलावा काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

टिकरी में रंजिश के चलते हुई थी बुजुर्ग महिला की हत्या

पड़ोस का युवक निकला कातिल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। नवाबगंज थाना व एसओजी, सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम ने टिकरी गांव में विगत दिनों हुई वृद्ध महिला की हत्या के खुलासे का दावा किया है। एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल के रूप में एक तकिया बरामद किया है। केवलादेवी के कत्ल की वजह आपसी रंजिश व कहासुनी बताई जा रही है। बता दें कि 18 /19 फरवरी की रात गंगानगर-जोन में अलग अलग थाना क्षेत्र में तीन कत्ल से सनसनी मच गई थी। इसी से जुड़ा नवाबगंज क्षेत्र में टिकरी गांव की बुजुर्ग महिला केवलादेवी (65) की हत्या का भी मामला था। इसमें मु0अ0सं0-96/2025 धारा-103(1) भा0न्या0सं0 व 3(2)श एस0सी0/एस0टी0 एक्ट से संबंधित मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी। पुलिस की मानें तो इसी बीच वांछित अभियुक्त अमर सिंह यादव उर्फ बाबा पुत्र अमर नाथ यादव निवासी ग्राम टिकरी अहिरान थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस टीम के हाथ लग गया। दिलावलपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार करने की बात पुलिस बता रही है। उपरोक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक तकिया बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

चूल्हे की चिंगारी से लगी आग गृहस्थी खाक

सबसे तेज प्रयागराज
फूलपुर । फूलपुर थाना अंतर्गत सरवाडीह गांव में बृहस्पतिवार की रात अचानक चूल्हे की चिंगारी से दिव्यांग के छप्पर नुमा मकान में आग लग गई। आधी रात में जब राम जियावन पुत्र स्वर्गीय भुल्लर खा पीकर बच्चों के साथ सो गया, तो आधी रात के बाद छप्पर नुमा मकान से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने शोर मचाया। जब तक ग्रामीण जुट कर आग बुझाते तब तक उक्त दिव्यांग की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। बता दें कि रामजियावन पति पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, किसी प्रकार परिवार का गुजारा करते थे। पूरी गृहस्थी जल जाने से दिव्यांगों के गुजारे का सहारा खत्म हो गया। गांव वालों ने लेखपाल एवं विकासखंड को सूचना दे दी है। तहसील में बंदी के कारण राजस्व विभाग तथा प्रशासनिक अफसरों को सूचना नहीं दी जा सकी जिससे दिव्यांग अहेतुक राशि के लिए विभागीय कर्मचारियों की बाट जोह रहे है।

जीव रक्षा के लिए चलाएंगे विश्व व्यापी अभियान

अंतरराष्ट्रीय धर्मगुरु रंजीत मिश्रा, जगद्गुरु अंतरराष्ट्रीय साध्वी रानी लक्ष्मी मां ने कहा

सबसे तेज प्रयागराज
महाकुंभ नगर। अंतरराष्ट्रीय धर्मगुरु रंजीत मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म जीव रक्षा पर जोर देता है इसलिए जीवों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जन जागरूकता अभियान शीघ्र दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता और मद्रास से शुरू किया जाएगा जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गयी है। उसके बाद सभी प्रदेशों और जिलों में जागरूकता कार्यक्रम होगा।

यह बातें अंतरराष्ट्रीय धर्मगुरु रंजीत मिश्रा ने महाकुंभ के सेक्टर- 24 निषाद राज मार्ग पाण्टून पुल - 28 के पास स्थित कलश चौराहा पर लगे रंजीत धर्मार्थ सेवाश्रम शिविर में आज कहीं। उन्होंने कहा कि दर्जनभर टीमों को तैयार किया जा रहा है जो अलग - अलग देशों में जाकर वहां पर जीवों की रक्षा के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाएगा।

26 वर्ष से विश्व कल्याण के लिए चप्पल नहीं पहनती महामंडलेश्वर

सबसे तेज प्रयागराज
महाकुंभ नगर। किन्नर अखाड़ा की पुणे से महामंडलेश्वर दीपानंद गिरि है। वह विश्व कल्याण और लोगों की उन्नति के लिए 26 वर्ष से बिना चप्पल पहने देश के कोने - कोने भ्रमण कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर लोगों को जोड़ रही है।

महामंडलेश्वर स्वामी दीपा नंद गिरि पुणे से हैं जो लिंगायत समुदाय से हैं। इनके घर में तुलजा भवानी का भव्य मंदिर बना हुआ है जिनकी प्रतिदिन सुबह, शाम पूजा होती है। दीपा नंद गिरि हिन्दी, मराठी, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा की जानकार हैं। वह सदैव मराठी भेष-भूषा (पहनावा) और किन्नर अखाड़ा का तिलक लगाती है। उन्होंने बताया कि हम लोग तुलजा भवानी और क्षत्रपति शिवाजी महाराज का पूजन, अर्चन करते हैं। उन्होंने बताया कि क्षत्रपति शिवाजी महाराज को हम लोग भगवान मानते हैं क्योंकि जब मुगलों का आतंक था तो उन्होंने महाराष्ट्र में आजादी की पताका फहराकर सभी लोगों की रक्षा किया था, ऐसे में बच्चे से लेकर युवा और बुजुर्गो में क्षत्रपति शिवाजी महाराज के लिए सम्मान और आदर है, हम सभी माता तुलजा भवानी और क्षत्रपति शिवाजी महाराज का प्रतिदिन पूजन, अर्चन करने के बाद ही चाय, नाश्ता और खाना खाते हैं। महामंडलेश्वर दीपा नंद गिरि ने बताया कि हम लोग सभी के कल्याण, भलाई और उन्नति की भगवान से सदैव प्रार्थना करते हैं।

संपादक की कलम से

आखिर भारत का 'असली' दुश्मन कौन?

जब ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा दलील देते हैं कि भारत को चीन को अपना दुश्मन नहीं मानना चाहिए, तो सवाल पैदा होता है कि आखिर इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष और तत्कालीन रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने चीन को भारत का दुश्मन नम्बर वन क्यों करार दिया था?

दरअसल, 1962 के भारत-चीन युद्ध से लेकर 2020 के गलवान घाटी हिंसक झड़प तक, क्रमशः उसके पहले या इसके बाद भारत को लेकर चीन के जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार दिखते आए हैं, उससे तो यही प्रतीत होता है कि चीन भारत का मजबूत दुश्मन है। नेहरू-मोदी की मित्रता की भावना को उसने कुचला है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से पता चलता है कि भले ही ईसाईयत और इस्लाम से सम्भाव्य मुकाबले के लिए हिंदुत्व (भारत) को बुद्धत्व (चीन) की जरूरत पड़ेगी, लेकिन इसके लिए दोनों देशों को समझदारी भरी दूरदर्शिता दिखानी पड़ेगी, अन्यथा वैश्विक परिस्थितियों की धर्मांध चक्की में दोनों देश पिसे जाएंगे और युगों-युगों तक पछताएंगे।

इसलिए स्वाभाविक सवाल है कि भारत का असली दुश्मन कौन है? तो जवाब होगा कि भारत के कई दुश्मन हैं और इसके कारण भी अलग-अलग हैं। जहां तक राजनीतिक नजरिए और भौगोलिक सीमाओं का सवाल है तो चीन हमारा दुश्मन नम्बर वन है। वहीं, पाकिस्तान दुश्मन नम्बर 2, बंगलादेश दुश्मन नम्बर 3, नेपाल दुश्मन नम्बर 4, श्रीलंका दुश्मन नम्बर 5, मालदीव दुश्मन नम्बर 6, म्यामांर दुश्मन नम्बर 7, अफगानिस्तान दुश्मन नम्बर 8 और भूटान दुश्मन नम्बर 9 हैं। इन सबकी दांवपेंच भरी नीतियों से भारत किसी न किसी रूप में परेशान रहता है, क्योंकि अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, रूस और पश्चिमी देशों के शह पर ये भारत विरोधी नीतियों पर बहुधा अमल करते आए हैं।

इसे भी पढ़ें: 2012 के टङ्कव की कहानी, 183 करोड़ अमेरिका से भारत आए, मोदी से मिलने के बाद मस्क ने क्यों ले लिया बड़ा एक्शन

वहीं, सांस्कृतिक नजरिए से हिन्दू विरोधी होने के कारण कट्टर इस्लाम, ईसाई, सिख, बौद्ध आदि के आंतरिक गठजोड़ भी भारत के लिए आस्तीन के सांप जैसे हैं। क्योंकि पाकिस्तान, तुर्किये, ईरान आदि की शह पर कभी मुस्लिम देशों के संघ द्वारा, तो कभी ईसाई देशों के संघ द्वारा और इनके धर्मांध कारोबारियों द्वारा भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाते हैं। साथ ही जैसे भारतीय मूल वाले सिख धर्म से जुड़े विदेशी लोगों को कनाडा-यूएसए द्वारा, दलित बौद्धों को चीन द्वारा भड़काया जाता है, अलगाववाद को बढ़वाया जाता है, वह भी भारत के भविष्य से दुश्मनी जैसा ही है। क्योंकि इनको शह देने वाले मुल्क भारत के हिंदुओं की जातीय और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काकर न केवल धर्मांतरण करवाते हैं, बल्कि गृह युद्ध के बीज भी यत्र-तत्र-सर्वत्र बुनते रहते हैं। दलित-ओबीसी साहित्य, साम्प्रदायिक इतिहास को शह आदि इनके सांस्कृतिक औजार बन चुके हैं।

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में गुटनिरपेक्षता, सत्य व अहिंसा से अभिप्रेरित वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया जैसी उदात्त सोच से ग्लोबल साउथ मतलब तीसरी दुनिया के देशों के हितों की वकालत के चलते भी पश्चिमी राष्ट्र कनाडा, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली आदि भारत से कभी प्रत्यक्ष और कभी परोक्ष शत्रुता रखते आए हैं।

हालांकि, कड़वा सच यह है कि भारत के असली शत्रु हमारे मूढ़ राजनेता हैं, जो 'महाभारत' काल से अभिप्रेरित सार्थक नीतियों को प्रश्रय देने तथा राष्ट्रवाद-हिंदूवाद को संरक्षित करने के बजाय पश्चिमी लोकतंत्र प्रेरित उस क्षुद्र धर्मनिरपेक्षता की वकालत करते आए हैं जो एक अंतर्राष्ट्रीय नैतिक महामारी समझी जाती है। चूंकि इसके सिद्धांत और व्यवहार में काफी अंतर दुनिया के देशों में पाया जाता है, इसलिए एशियाई संदर्भ में यह धर्मनिरपेक्षता भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति को कुचलने का एक बौद्धिक हथियार समझी जाती है।

क्या आप भी खाते हैं नींद की गोली, कैसे बिना दवा नींद को बेहतर करें?

आजकल अनिद्रा एक कॉमन समस्या है. बहुत से लोग नींद नहीं आने की शिकायत करते हैं. हाल ही में द नेचर जर्नल की स्टडी में यह बात सामने आई है कि भारत में 20 फीसदी लोग डॉक्टरों से नींद नहीं आने की शिकायत करते हैं. यहां तक कि ये लोग डॉक्टरों से नींद की दवा लिखने की पेशकश भी करते हैं. नींद नहीं आने के कई कारण हैं, जिसमें अत्यधिक व्यस्त कार्यक्रम, रात के समय काम करना और तनाव अधिक होना. इसके अलावा ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया (ओएसए) सबसे सामान्य नींद की समस्या है. लेकिन ये लोग यह नहीं समझ पाते कि यह कितना खतरनाक और जोखिम है.

अगर आप नींद की गोली का ज्यादा सेवन कर रहे हैं तो इसके साइड इफेक्ट भी हैं. इससे आपकी सेहत खराब हो सकती है. नींद की गोली खाने से कई लोगों को एलर्जी की समस्या हो सकती है. साथ ही दस्त या डायरिया की समस्या भी नींद की गोली के सेवन से हो सकती है. सिरदर्द या चक्कर आने की समस्या भी नींद की गोली खाने से होती है.

मेमोरी लॉस की आशंका

नींद की गोली का असर इतना खराब होता है कि अगर इसकी लत एक बार लग गई तो आप इसे जल्दी छोड़ नहीं सकते हैं. यह एक प्रकार का ड्रग है, जिसका बुरा असर हमारे शरीर पर पड़ता है और खासकर मेंटल हेल्थ पर नींद की गोली का बुरा असर होता है. जो लोग लंबे समय से नींद की गोली खाते हैं उनकी मेमोरी लॉस होने की संभावना अधिक होती है. इसके अलावा पेट में दर्द और मरोड़ की समस्या, हाथ व पैर में कंपन, पाचन तंत्र कमजोर होने जैसी समस्या भी हो सकती है.

ओएसए वाले लोगों में नींद की अधिक कमी

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया (डरअ)एक विकार है, जिसमें नींद के दौरान खर्राटे आना, सांस लेने में बार-बार कठिनाई आती है. इसके कुछ कारणों में अधिक वजन और टॉन्सिल प्रमुख हैं. एक्सपर्ट्स की मानें तो ओएसए नींद के सामान्य विकारों में से एक है. ओएसए की वजह से ब्लड में ऑक्सीजन का स्तर घट जाता है और नींद में बाधा पड़ने से हृदय संबंधी बीमारी होने का जोखिम बढ़ सकता है. ओएसए से ग्रसित लोगों में हाई बीपी की भी शिकायत रहती है. यह विकार यह पुरुषों में कॉमन है और बुढ़ापे के साथ इसकी संभावना बढ़ जाती है. यह आनुवांशिक भी हो सकता है.

क्या है लक्षण और कारण

ऑब्सट्रक्टिव के संकेतों और लक्षणों में दिन में नींद आना, जोर से खर्राटे लेना, नींद के दौरान श्वास लेने में परेशानी, अचानक से जगना, गले में खराश, सुबह को सिरदर्द, अचानक मूड में बदलाव, बीपी, रात को पसीना आना समेत कई प्रमुख कारण हो सकते हैं.

कैसे बिना दवा के नींद को करें बेहतर

अगर हम अपने लाइफ स्टाइल में कुछ बदलाव कर ले तो निश्चित तौर पर बिना दवा लिए भी सो सकते हैं. इसके लिए अपने मन को मजबूत करना होगा और कुछ आदतों में सुधार लानी होगी. जैसे शराब, सिगरेट समेत धूमपान करने से बचना होगा. रात में सोने से पहले आइसक्रीम खाने से बचना होगा. डार्क चॉकलेट में कैफीन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।

, जो आपके शरीर को एकदम से बूस्ट अप कर देती हैं. ऐसे में डार्क चॉकलेट खाने से परहेज करना चाहिए।

शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता एवं हेल्थ खतरे मे

-ललित

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाये जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। ह्यसंयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठनह्ल (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियाँ भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल करने से पढ़ाई में बाधा आती है, नैसर्गिक शैक्षणिक गुणवत्ता आहत होती है।

भारत में 21 राज्यों के ग्रामीण समुदायों में 6-16 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों के 6,229 अभिभावकों के बीच किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकतर बच्चे पढ़ाई के बजाय मनोरंजन एवं अश्लील सामग्री के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन छात्रों के पास गैजेट्स हैं, उनमें से 56.6 प्रतिशत ने डिवाइस का इस्तेमाल मूवी डाउनलोड करने और देखने के लिए किया, जबकि 47.3 प्रतिशत ने उनका इस्तेमाल संगीत डाउनलोड करने और सुनने के लिए किया। सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण भारत में 49.3 प्रतिशत छात्रों के पास स्मार्टफोन की पहुंच है, लेकिन उनमें से केवल 34 प्रतिशत ही पढ़ाई के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं।

वैश्विक स्तर पर, आज दुनिया भर में 6.378 बिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं-जो कि कुल आबादी का लगभग 80.69 प्रतिशत है। इसमें दो मत नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। आललाइन कक्षाओं के बढ़ते प्रचलन में लगने लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही साबित हुआ है। निश्चित तौर पर ये उनके भटकाव, गुमराह, दिग्भ्रमित और मानसिक विचलन का कारण भी बना है। इसी कारण कई देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर बैन लगा दिया है, क्योंकि इन देशों का मानना है कि यह बच्चों की शिक्षा और उनकी गोपनीयता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

अनेक देशों में हुए सर्वेक्षणों ने स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इनकी रिपोर्ट एवं चौंकाने वाले तथ्य भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाले हैं। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ आधुनिकीकरण एवं विकास की अपेक्षा को दर्शा कर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके अनियंत्रित एवं अवांछित प्रयोग का है। साथ ही दुनिया में अनियंत्रित इंटरनेट पर परोसी जा रही अनुचित, अश्लील, अनुपयोगी सामग्री और बच्चों पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जारी है। मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग छात्रों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए बुरा है तथा इसके लगातार उपयोग से चिंता का स्तर बढ़ता है, आत्म-सम्मान कम होता है तथा अकेलेपन की भावना बढ़ती है। इसका अंधाधुंध व गलत उपयोग घातक भी हो सकता है। दरअसल, स्मार्टफोन में वयस्कों से जुड़े तमाम एप ऐसे भी हैं जो समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रहे हैं। उन्हें यौन कुंठित बना रहे हैं। बड़ी चुनौती यह है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है। बच्चों में याद करने की क्षमता घट रही है। बदलते शैक्षणिक परिदृश्यों में जब शिक्षा में स्मार्टफोन का उपयोग टाला नहीं जा सकता, लेकिन उसका नियंत्रित उपयोग तो किया ही जा सकता है। निस्संदेह उसका उपयोग सीमित एवं संयमपूर्वक किया जाना नितांत अपेक्षित होना चाहिए। संकट यह भी कि मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑन लाइन गेम जहां बच्चों को मैदानी खेलों से दूर कर रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। हमें किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। पूरी दुनिया में बढ़ता मोबाइल फोन का प्रचलन एक संकट है एवं एक चुनौती है। क्या हम वाकई सोचते हैं कि छात्रों को स्कूल में ज्यादा स्क्रीन टाइम की जरूरत है? कुछ सर्वेक्षण के परिणामों ने विश्वविद्यालय के संसाधनों और शैक्षणिक जानकारी तक मोबाइल पहुँच के लिए छात्रों की बढ़ती माँग को प्रदर्शित किया, साथ ही अपने साथियों और प्रशिक्षकों के साथ तेज, व्यक्तिगत, इंटरैक्टिव डिजिटल संचार की बढ़ती जरूरतों को भी दशार्या। भारत में स्मार्टफोन के उपयोग को बैन करने का निर्णय जल्दबाजी में न हो, पहले अनुसंधान हो, परामर्श किया जाना चाहिए तथा उनके अनुप्रयोग पर गहन विचार किया जाना चाहिए। निश्चित तौर पर स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं का सहायक तो बन सकता है, लेकिन सबकुछ इसके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इससे छात्रों की स्वतः स्फूर्त मेधा कुंद होने का खतरा है। छात्र जीवन को तकनीक का वन नहीं, बल्कि पुरुषार्थ और प्रतिभा का उपवन बनाये। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परन्तु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है, जिसका अधिकाधिक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें।

मोदी, ट्रम्प और व्यावसायिक हित

- अरविन्द मोहन

इस अमेरिकी यात्रा और इस तरह के फैसले करने कराने की तैयारी उसके पहले शुरू हो गई थी और अभी भी चल रही है। अभी भी इस्पात और अल्युमिनियम पर सीमा शुल्क पच्चीस फीसदी करने की माथापच्ची चल रही है क्योंकि ट्रम्प ऐसा चाहते हैं। ट्रम्प विश्व व्यापार संगठन के जरिए बनी वैश्विक व्यापार नियमों से खासे खफा है। शेयर बाजार में चल रही मौजूदा दौर की गिरावट में बाजार के कुछ बड़े और कुशल खिलाड़ियों को कितने का नुकसान हुआ है यह हिसाब अब आने लगा है। कई का नुकसान लगभग एक तिहाई तक का है पर कुल मिलाकर बाजार इतना नहीं गिरा है। लेकिन ऐसे शीर्ष वाले लोगों का नुकसान अगर कुछ सौ करोड़ का है तो हमारे शेयर बाजारों के सारे निवेशकों का नुकसान दसेक लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है और उसकी चर्चा कम है। यह पैसा आम लोगों का तो है ही, उनके बैंक जमा, प्राविडेन्ट फंड, साझा कोशों और बीमा कंपनियों को चुकाए उनके प्रीमियम की रकम का है। और आम तौर पर यह धन शेयर बाजार के विशेषज्ञों के साथ ही सरकार के इशारों पर बाजार में लगता है, उसे चढ़ाता और गिराता है। इस बार का भूचाल अमेरिकी शासन के बदलाव से जुड़ा है अर्थात डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद लिए उन फैसलों और आने वाले फैसलों की आशंका से इसका रिश्ता है जिसे वे अमेरिका को फिर से महान बनाने के अपने वायदे के हिसाब से ले रहे हैं या लेने वाले हैं। इस बीच हमारे रुपए को गोता लगाने से बचाने के लिए(फिर भी उसने अच्छी खासी गिरावट दर्ज की है) रिजर्व बैंक ने कितना दंड-प्राणायाम किया है वह अलग हिसाब है पर उसने हमारी गाढ़ी कमाई के हजारों करोड़ मूल्य के डालर बाजार में उतारे हैं। और मोदी राज की शुरूआत में पच्चीस हजार के रेट वाले सोना ने आज प्रति दस ग्राम नब्बे हजार का स्तर छूकर कितनों को रुलाया है, यह हिसाब भी आसानी से लगाया जा सकता है। कोई उम्मीद कर सकता है कि जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका यात्रा की और ट्रम्प से मिले (या ऊनके पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में अड्डा डाला था) तो वे जरूर महाबली अमेरिका के इस राष्ट्रपति से अपना दुखदर्द कहेंगे और अभी तक जारी अच्छे राजनयिक संबंधों के आधार पर अपनी परेशानियों का समाधान चाहेंगे, अमेरिका-भारत संबंधों में इसके चलते खटास न आए, इसका इंतजाम करेंगे। ट्रम्प दोबारा चुनाव जीतकर कुछ ज्यादा ही आत्मविश्वास और अमर्यादित व्यवहार पर उतरे लगते है, शपथ ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने दो सौ से ज्यादा बड़े फैसलों पर दस्तखत करके दुनिया को 'दहला' दिया था और अभी भी उनका उत्साह जारी है। इस उत्साह को दुस्साहस बताने वाले कम नहीं है क्योंकि इससे अमेरिका का लाभ/घाटा क्या होगा यह हिसाब नुकसान की तरफ जाता लगता है। कहा जाता है कि ट्रम्प इस बात से ज्यादा खुश न थे कि उनका मित्र माने जाने वाले मोदी ने बाइडन प्रशासन से भी अच्छा संबंध रखा और चुनाव हारने के कारण उनकी तरफ पीठ फेर लिया था। इसलिए मोदी और ट्रम्प की दोस्ती के पक्षधर इस बात को लेकर खुश हैं कि इस यात्रा में प्रधानमंत्री पुरानी गर्मजोशी हासिल करने में सफल रहे। बातचीत, व्यवहार, राजनयिक शिष्टाचार से लेकर इस यात्रा में हुए समझौतों के आधार पर ऐसा नहीं लगता क्योंकि सारा हिसाब अमेरिका के पक्ष में झुका हुआ है। और साझा प्रेस कांफ्रेंस में ट्रम्प ने जिस तरह से मोदी जी के प्रति व्यवहार दिखाया वह सामान्य न था, बल्कि कई बार तो यह खिल्ली उड़ाने के करीब तक पहुंच गया। और मोदी जी ट्रम्प प्रशान के करीबी उद्यमी एलन मास्क से मिलने और उनके भारत से व्यावसायिक रिश्ते बनाने को लेकर जितने बेचैन रहे हैं उसमें उनका व्यवहार भी सामान्य शिष्टाचार वाला न था। वे प्रधानमंत्री से भेंट में अपनी पत्नी, बच्चों के साथ बच्चों की देखरेख करने वाली सहायिका को भी लेकर पहुंचे थे। और सामान्य निष्कर्ष यही रहा कि इस यात्रा से भारत- अमेरिकी दोस्ती में कोई कड़वाहट न आई या वैसा कुछ था तो वह खत्म हुआ लेकिन कुल मिलाकर अमेरिका लाभ की स्थिति में रहा। उसने मनमाने व्यावसायिक करार किए और भारत ने ज्यादा ना नुकर न करते हुए उन्हें स्वीकार किया। इसमें गैरजरूरी सैन्य सामग्री की खरीद का करार भी शामिल है और तेल समेत कुछ ऐसे सौदों का प्रसंग उठाना भी है जिनमें समझौता करना भारत को महंगा पड़ेगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जल्दबाजी में नियुक्ति

जिस प्रकार से लोकतांत्रिक मयार्दाओं तथा परम्पराओं को ताक पर रखकर, जल्दबाजी में केन्द्र सरकार ने 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (चीफ इलेक्शन कमिश्नर- सीईसी) की नियुक्ति की है उससे चुनाव सुधार की उम्मीदों पर फिर से पानी फिर गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले ही केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय में 17 फरवरी की शाम एक बैठक बुलाई, जिसमें प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हुए।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस बैठक के लिए पहले ही आपत्ति जाहिर कर दी थी, बावजूद इसके सरकार ने उन आपत्तियों को दरकिनार करते हुए न केवल बैठक की, बल्कि सोमवार देर रात नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के तौर पर ज्ञानेश कुमार को नियुक्त कर दिया। इस नियुक्ति पर भी विपक्ष सवाल उठा रहा है। 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद निर्णय को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और 15 मार्च, 2024 को निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। ये पहली बार है, जब मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 के तहत हुआ है। इससे पहले बीते साल ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नए कानून के तहत चुनाव आयुक्त चुना गया था।

निवर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कई किस्म के विवादों में घिरा रहा। आरोप लगे कि उनके रहते आयोग ने भाजपा की सुविधानुसार चुनावी कार्यक्रम बनाना, सिर्फ विरोधी दलों के खिलाफ कार्रवाइयां करना, भाजपा के गलत कार्यों की अनदेखी करना, आचार संहिता का प्रतिपक्ष को दबाने में इस्तेमाल करना और विरोधियों को न सुनना जैसे कार्य किए। उनके दौर में हुए लगभग हर चुनाव में गड़बड़ी की शिकायतें विपक्ष ने कीं। ईवीएम में छेड़छाड़ से लेकर मतदाता सूची की गड़बड़ी जैसे गंभीर आरोपों के सवाल उठे, मतदान खत्म होने के कुछ घंटों के बाद वोटिंग का प्रतिशत बढ़ जाना, मतगणना बीच में रुकने या धीमी होने के बाद कुछ ही मिनटों में हारती हुई भाजपा की सीटों का इतना बढ़ जाना कि वह राज्यों में सरकार बना ले आदि ऐसी घटनाएं हैं जो हमेशा संदेह के घेरे में रहेंगी। विपक्ष ने भाजपा की जेबी संस्था, चूना आयोग जैसे शब्द चुनाव आयोग के लिए किए ताकि उसके आरोपों की गंभीरता समझी जाए। लेकिन इन सबका कोई असर संभवतः सरकार पर नहीं हुआ।

लोकतंत्र के पक्ष में वे सारे लोग जो एक स्वतंत्र, मजबूत और निष्पक्ष चुनाव आयोग की उम्मीद राजीव कुमार के जाने के बाद लगाये बैठे थे, वे इसलिये मायूस हैं क्योंकि उन्हें वांछित बदलाव की अब कोई उम्मीद नहीं रह गयी है क्योंकि नये सीईसी का उसी धारा में तैरना लगभग तय माना जा रहा है। सीईसी के रूप में ज्ञानेश का कार्यकाल जनवरी, 2029 तक रहेगा। इस दौरान उनकी देखरेख में लगभग 20 विधानसभा चुनाव होंगे तथा अगली लोकसभा के लिये 2029 में होने वाली सारी भी तैयारियां वे करके जायेंगे- यदि उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिलता तो। ऐसा तभी होगा यदि वे राजीव कुमार की बनाई लीक से हटकर काम करेंगे; जिसकी उम्मीद कम है।

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग हमेशा भाजपा सरकार की जेब में बनी रहे, इसकी तैयारी पहले से कर ली गयी थी। 2023 में सीईसी नियुक्ति अधिनियम में संशोधन कर चयन समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। इसका उद्देश्य साफ था कि चयन प्रक्रिया में बहुमत सरकार का बना रहे। इसे लेकर विपक्ष, खासकर कांग्रेस आपत्ति जताती रही है। इसके खिलाफ शीर्ष कोर्ट में एक याचिका भी लगाई गयी है जिस सम्बन्ध में तीन सुनवाइयां हो चुकी हैं और अगली सुनवाई बुधवार 19 फरवरी को ही निर्धारित है। कहीं उच्चतम न्यायालय इस नियम को अवैध न ठहरा दे, इसलिये अदालती फैसले हेतु ठहरने की बजाये (और आशंका में) सोमवार को बैठक बुलाकर राहुल की कड़ी आपत्ति के बावजूद नया सीईसी घोषित किया गया।

सरकार रुक सकती थी क्योंकि फिलहाल देश में कोई चुनाव नहीं है। केवल बिहार का होगा- वह भी इस साल के अंत में। आधी रात को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हस्ताक्षर भी कर दिये। इसलिये राहुल ने इस प्रक्रिया को 'अपमानजनक व अशिष्टज बतलाया है जो कि गलत नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी आपत्ति का एक पत्र केंद्र सरकार को दिया है। वहीं कांग्रेस ने एक ट्वीट में आधी रात का तख्तापलट शीर्षक के तहत कई बिंदुओं में समझाया है कि कैसे मोदी-शाह ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कब्जा किया है। कांग्रेस ने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट को दरकिनार करने से लेकर आधी रात की नियुक्ति तक, मोदी और शाह ने दिनदहाड़े सबसे बड़े चुनावी तख्तापलट को अंजाम दिया है।

यह बेहद गंभीर आरोप है जो कांग्रेस ने लगाया है, अब देखना होगा कि अदालत इस आपत्ति का संज्ञान लेती है या नहीं।

महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान की तैयारी में जुटी योगी सरकार

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर परखी व्यवस्था, दिये निर्देश

बेहतर यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के दिये निर्देश

राम सिंह यादव
सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। योगी सरकार आगामी २६ फरवरी को होने जा रहे महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानी शनिवार रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।

सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अबतक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं।मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बता दें कि पवित्र मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम तट पर आयोजित विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ में अबतक करीब ५९ करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगा ली है। १३ जनवरी २०२५ से शुरू हुआ महाकुम्भ अब अपने अंतिम चरण में है। २६ फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर आखिरी महत्वपूर्ण स्नान का आयोजन होना है, जिसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार ने कमर कस ली है। महाकुम्भ में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। इनमें सनातन धर्म की विभिन्न शाखाओं, मत-सम्प्रदाय से जुड़े साधु-संतों सहित देश के हर कोने से आस्थावान सनातनी संगम में स्नान की कामना लेकर प्रयागराज पहुंचे। इसके अलावा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, भूटान नरेश, विदेशी राजनयिकों, देश के दिग्गज उद्योगपतियों समेत फिल्मी दुनिया के नामचीन सितारों ने भी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने महाकुम्भ में स्नान को अपने लिए एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का महापर्व है। उन्होंने कहा कि जल संसाधनों को बचाने और नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए सरकार लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है और इसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अंत में कहा कि गंगा मां की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है, और सरकार इस पवित्र नदी को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी.

अविरल-निर्मल गंगा के संकल्प के साथ केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने शुक्रवार को महाकुम्भ में श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगाई। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान कर उन्होंने गंगा संरक्षण और स्वच्छता अभियान को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। स्नान के बाद जल शक्ति मंत्री ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने महाकुम्भ में योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर योगी सरकार ने बेहतरीन कार्य किया है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गंगा को निर्मल और अविरल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने नमामि गंगे' मिशन की सफलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अब तक ५९ करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुम्भ में आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी भक्त भी शामिल हैं। हर किसी ने गंगा की निर्मल धारा और उसकी पवित्रता को महसूस किया और उसकी स्वच्छता की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि ह्यनमामि गंगेह्ल अभियान के तहत सैकड़ों घाटों का सौंदर्यीकरण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की स्थापना और औद्योगिक कचरे के शोधन जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार गंगा और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए स्थानीय समुदायों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी सक्रिय रूप से शामिल कर रही है।

महाकुम्भ में स्वच्छता के गढ़े जा रहे नए प्रतिमान, १४ हजार मीट्रिक टन सॉलिड वेस्ट हुआ निस्तारित

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। महाकुम्भ में स्वच्छता के नए प्रतिमान स्थापित कर रही योगी सरकार के कुशल प्रबंधन में अब तक १४ हजार मीट्रिक टन सॉलिड वेस्ट को सकुशल निस्तारित किया जा चुका है। सीएम योगी के स्वच्छ महाकुम्भ के विजन को धरातल पर उतारते हुए मेला प्रशासन स्वच्छता प्रबंधन में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। महाकुम्भ मेला क्षेत्र की स्वच्छता प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि जब से मेला प्रारंभ हुआ है तबसे लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण निवासरत हैं, जबकि प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। ऐसे में, स्वच्छता के उच्च प्रतिमानों को स्थापित करते हुए प्रतिदिन के आधार पर इसे पूरा करने पर मेला प्रशासन का फोकस है।स्वच्छता प्रमुख (विशेष कार्याधिकारी) अकांक्षा राना के अनुसार, यहां जितने भी लोग स्नान करते हैं उनकी धारणा है कि स्नान करने के बाद कपड़ों को घाट पर ही छोड़कर नए वस्त्र धारण करके जाते हैं। इसके साथ ही साथ यहां पर बड़े स्तर पर भंडारे चलते हैं, फूड जोन हैं और लोग पैदल चलते हैं तो कचरा काफी रहता है। ऐसे में, इस कचरे का निस्तारण रोजमर्रा की एक बड़ी चुनौती है। उल्लेखनीय है कि इस कार्य को पूरा करने के लिए मेला जब प्रारंभ हुआ था उसी समय एक सैनिटेशन प्लान बनाया था उसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के परिदृश्य को देखते हुए कुछ बिंदू रखे थे। सबसे पहले १२० टिप्पर्स व कॉम्पैक्टर्स क्रय किए गए थे। २५ हजार डस्टबिन भी क्रय किए गए थे जिसके जरिए प्रत्येक ५० मीटर पर डस्टबिन को रखा गया। इसमें लाइनर बैग लगाए जाते हैं जिसे प्रत्येक दिन ३ बार बदला जाता है। टिप्पर्स तथा ट्रॉली के माध्यम से कूडे को ट्रांसफर स्टेशन में भेजा जाता है। ट्रांसफर स्टेशन में यह सारा कूड़ा कॉम्पैक्टर में भर कर नगर निगम द्वारा संचालित वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट में प्रोसेसिंग होती है।आंकड़ों के अनुसार, अभी तक १४ हजार मीट्रिक टन से ज्यादा वेस्ट को इकट्ठा कर बसवार ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जा चुका है। २०१९ से इसकी तुलना करें, तो यह ९ मीट्रिक टन था। जबकि, इस बार महाकुम्भ में कुल मिलाकर २० हजार मीट्रिक टन से ज्यादा सॉलिड वेस्ट जेनरेशन का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि अत्याधुनिक आईसीटी-आधारित निगरानी प्रणाली को रीयल टाइम ट्रैकिंग के आधार पर मोबाइल बेस्ड एप द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसमें सभी सार्वजनिक शौचालयों को क्यूआर कोड को स्कैन कर रखरखाव को सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, गंगा सेवा दूत (स्वच्छता स्वयंसेवकों) ने इस ऐप के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कर फीडबैक अपलोड किए जिसे कंट्रोलरूम द्वारा मॉनिटर कर समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने ५ करोड़ रुपये मूल्य की पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं (दोना पत्तल, कुल्हड़, जूट के थैले, कागज के गिलास) अखाड़ों, संस्थाओं और भंडारों में वितरित की हैं। वहीं, बैनर और होर्डिंग्स के लिए प्लास्टिक मुक्त ब्रांडिंग शुरू की गई तथा बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को प्रोत्साहित करने के लिए सख्त कदम उठाए गए।

रेलवे स्टेशन कानपुर सेन्ट्रल का एडीजी रेलवे ने किया निरीक्षण, पुलिसकर्मी को नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज

लखनऊ/कानपुर । अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी0 द्वारा महाकुम्भ 2025 के आगामी महाशिवरात्रि स्नान के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन कानपुर सेन्ट्रल का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया ।

इस दौरान अपर पुलिस महानिशेक द्वारा निदेशक/उप मुख्य यातायात प्रबन्धक आशुतोष सिंह ,डीसीपी यातायात कमिश्नरेट कानपुर नगर रविन्द्र कुमार, स्टेशन अधीक्षक अवधेश द्विवेदी ,पुलिस उपाधीक्षक रेलवे कानपुर दुष्यन्त कुमार सिह ,एसीपी कलक्टरगंज आशुतोष सिंह, एसीपी कैण्ट श्रृष्टि सिंह , प्रभारी निरीक्षक जीआरपी कानपुर सेन्ट्रल ओम नारायण सिहं , प्रभारी निरीक्षक रेल बाजार बहादुर सिंह, आर0पी0एफ0 पोस्ट प्रभारी बी0पी0सिंह, पी0ए0सी0 कम्पनी कमाण्डर राकेश सोनी व अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ आगामी महाशिरात्रि स्नान को लेकर मीटिंग की गयी तथा रेल यात्रियो के सुगम आवागमन व सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । भ्रमण,निरीक्षण, चेकिंग एवं ब्रीफिंग कर-के संपूर्ण रेलवे नेटवर्क में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, यात्रियों के जान माल की सुरक्षा के दृष्टिगत कानपुर से प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को सकुशल ट्रेन में बैठाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।जीआरपी अधिकारी एवं कर्मचारीगण को बॉडीवार्न कैमरा, यात्रियों को निर्देशित करने हेतु नेक बेंड स्पीकर, पी.ए. सिस्टम एवं सीसीटीवी सिस्टम का प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया।रेलवे अधिकारियों से वार्ता कर अपेक्षा की गयी कि किसी भी ट्रेन का प्लेटफार्म परिवर्तन न किया जाये। यात्रियों से वार्ता कर उनसे अनुरोध किया गया कि प्रशासन का निर्देश आपकी सुरक्षा के लिए है, कृप्या इन निदेर्शों का पालन करें, धक्का मुक्की न करें। पर्याप्त मात्रा में ट्रेन हैं जो गन्तव्य तक पहुंचायेंगी। एवं यात्रियों की समस्याओं को सुना गया और समस्या निदान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्हें सुरक्षा का अहसास कराया गया एवं अफवाहों पर नियंत्रण करने, अपराधियों, असामाजिक तथा अराजक तत्वों में भय पैदा करने तथा यात्रियों की सुखद एवं मंगलमय रेल यात्रा सुनिश्चित करने हेतु समुचित निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में एडीजी रेलवे द्वारा ड्यूटी के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले थाना जीआरपी कानपुर सेन्ट्रल के प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह एवं उ0नि0 अभिषेक शुक्ला को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया जिनके द्वारा दिनांक 16.02.25 को प्लेटफार्म न0 2/3 पर एक श्रृद्धालु महिला जिनकी 07 वर्ष की बच्ची भीड़ में बिछड़ गई थी, उक्त कर्मचारीगण द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुये 18 मिनट के अन्दर 07 वर्ष की बच्ची को सकुशल बरामद कर श्रृद्धालु महिला को सुपुर्द किया गया था ।

रियलमी ने बहुप्रतीक्षित रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3 एक्स 5जी लॉन्च किए

लुधियाना

रियलमी, जो भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है,उसने गर्व से रियलमी पी 3 सीरीज 5जी पेश किया है।यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3एक्स 5 जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है।बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूजर्स को सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है।रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3 एक्स 5 जी की परफॉर्मेंस को एक नया आयाम देते हुए इसके डिजाइन को भी आकर्षक बनाया गया है,जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में अलग बनाता है। रियलमी टेक्नोलॉजी में अग्रसर होने की प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, दोनों डिवाइस शानदार कारीगरी, अत्याधुनिक फीचर्स और बेजोड़ मजबूती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करती हैं। रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि, "हमें रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3 एक्स 5 जी पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है,ये दोनों डिवाइस हमारे इनोवेशन और यूजर-केंद्रित डिजाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।रियलमी पी 3 प्रो 5 जी अपने लुभावने रंग बदलने वाली फाइबर और स्नैपड्रैगन 7 एस जेन 3 चिपसेट के साथ एक अद्वितीय और शानदार अनुभव देता है।रियलमी पी 3 एक्स 5 जी अपनी विशाल बैटरी और उच्चतम स्तर की वाटरप्रूफ क्षमता के साथ कठिन परिस्थितियों को सहने के लिए बनाया गया है।दोनों डिवाइस बेहतरीन परफॉर्मेंस, शानदार दृश्य और लम्बे समय तक चलने के लिए डिजाइन किए गए हैं,इसीलिए यह हमारे उपयोगकताओं के लिए आदर्श विकल्प हैं।" रियलमी पी 3 प्रो 5 जी स्मार्टफोन डिजाइन को एक नई परिभाषा देता है,इसमें दुनिया का पहला चमकीला रंग बदलने वाला फाइबर बैक पैनल है,जो नेबुला की अविस्मरणीय सुंदरता से प्रेरित है।पी 3 प्रो तीन वाइब्रेंट और विशेष रूप से भारत के लिए बनाए गए रंगों में उपलब्ध है।

संक्षिप्त खबरें

भोजपुरी, अवधी, ब्रज एवं बुंदेलखंडी मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल

विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने पर कुलपति ने किया स्वागत

स्थानीय बोलियों के विकास को राष्ट्रीय संगोष्ठी 20-21 मार्च को

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ऐतिहासिक पहल करते हुए एम ए हिंदी के संशोधित पाठ्यक्रम में भोजपुरी, अवधी, ब्रज एवं बुंदेलखंडी भाषाओं के साहित्य को शामिल करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश सत्र जुलाई 2025 में यह संशोधित पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्वविद्यालय स्थानीय भाषाओं के विकास के लिए पिछले 6 माह से लगातार कार्य कर रहा है।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने उत्तर प्रदेश राज्य की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया है । उन्होंने कहा कि यह एक स्वागत योग्य कदम है। इससे भाषाई विविधता को बढ़ावा मिलेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक समावेशी बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने विधानसभा में बहुभाषी संवाद की सुविधा प्रारंभ की है।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन में एक अग्रणी कदम है। उत्तर प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के आलोक में इन चारों भाषाओं अवधी, भोजपुरी, ब्रज एवं बुंदेलखंडी को अपने पाठ्यक्रम में शामिल कर मातृभाषा में शिक्षा देने के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर है।

प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय आगामी 20 एवं 21 मार्च 2025 को साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी के विकास में भोजपुरी, अवधी, ब्रज एवं बुंदेलखंडी भाषा के योगदान पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कर रहा है। जिसमें देश के विभिन्न भाषा विशेषज्ञ विचार - मंथन करेंगे और स्थानीय भाषा एवं बोलियों के विकास को आगे बढ़ाने में मुक्त विश्वविद्यालय एक नया मानक स्थापित करेगा। विश्वविद्यालय का कार्य क्षेत्र संपूर्ण उत्तर प्रदेश होने से विश्वविद्यालय की पहुंच अवध, ब्रज, पूर्वांचल तथा बुंदेलखंड के क्षेत्रों तक आसानी से उपलब्ध है। अपनी इसी पहुंच के कारण मुक्त विश्वविद्यालय ने स्थानीय भाषा बोलियों के विकास का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रदेश सरकार ने इन बोलियों के विकास पर जो रुचि प्रदर्शित की है उससे विश्वविद्यालय को भी संबल प्रदान हुआ है।

गंगा को स्वच्छ रखने के लिए की अपील

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं से अपील करते हुए केंद्रीय मंत्री ने गंगा को स्वच्छ बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गंगा जल को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कुंभ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्लास्टिक और अन्य कचरे को नदी में न डालें और सरकार के स्वच्छता अभियानों में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि गंगा की पवित्रता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है, और इसके लिए हमें अपने आचरण में बदलाव लाना होगा।

रोडवेज कर्मचारियों के लिए तीन महीने में बने तबादला नीति, हाईकोर्ट के निर्देश

जयपुर। हाईकोर्ट ने रोडवेज को तीन महीने में अपने कर्मचारियों के लिए तबादला नीति बनाने को कहा है। तबादला नीति में कर्मचारियों की सामाजिक,आर्थिक स्थिति,पोस्टिंग का रिकार्ड,एक पोस्ट पर रहने की अवधि और प्रशासनिक आवश्यकता के पहलुओं का ध्यान रखा जाए और नीति के अनुसार की तबादले किए जाएं। अदालत ने तबादला नीति बनने तक याचिकाकर्ता कर्मचारियों के अभ्यावेदन तय करने तथा तब तक उनके तबादला आदेश स्थगित रखने के निर्देश दिए है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश सूर्यभान सिंह शेखावत व 14 अन्य याचिकाओं पर दिए। अदालत को बताया गया कि रोडवेज प्रबंधन ने 15 जनवरी को करीब 240 अल्प वेतन भोगी चालक-परिचालकों का करीब 600 किलोमीटर दूर तक तबादला कर दिया। कुछ कर्मचारियों के तबादला आदेश निरस्त भी कर दिए। जबकि कई कर्मचारी कुछ महीने बाद ही रिटायर होने वाले है। रिटायरमेंट के नजदीक कर्मचारी का तबादला करना राज्य सरकार की नीति के विपरीत है। रोडवेज में कोई तबादला नीति नहीं है। इस कारण मनमर्जी से तबादले होते है।

रोडवेज ने ऐसी महिला कर्मचारियों के भी तबादले कर दिए जिनके बच्चों के बोर्ड और प्री-बोर्ड की परीक्षाएं होने वाली है। रोडवेज की ओर से कहा गया कि उसे अपने कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने के लिए तबादला करने का अधिकार है ।याचिकाकताओं का भी प्रशासनिक कारणों से तबादले किए है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने रोडवेज को तीन माह में तबादला नीति बनाने और तब तक याचिकाकताओं के तबादला आदेश को स्थगित करने के आदेश दिए है।

शत्रु संपत्ति मामले में आजम खान के परिवार को बड़ी राहत; पत्नी, बेटे और बहन को मिली जमानत

रामपुर (उत्तर प्रदेश)। शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में आरोपी बनाए गए समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार को बुधवार को अदालत से बड़ी राहत मिली। आजमखान के छोटे बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की जमानत अर्जी मंगलवार को मंजूर की गई थी, जबकि बुधवार को इसी मामले में उनके बड़े बेटे अदीब, पत्नी तजीन फातिमा और बहन निगहत अखलाक की अंतरिम जमानत अर्जी भी न्यायालय द्वारा मंजूर कर ली गई। इसके साथ ही तीनों ने नियमित जमानत के लिए भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, जिस पर 24 फरवरी को सुनवाई होगी। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान तीनों कोर्ट में मौजूद रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के परिवार ने आज अदालत में सरेंडर किया। उनकी पत्नी और पूर्व सांसद डॉ. तजीन फातिमा, बेटे अदीब आजम और बहन निखत अखलाक ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। यह

"स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को मिला आईएसडीसी इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड"

ग्रेटर नोएडा। नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में इंटरनेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (आईएसडीसी) द्वारा आयोजित प्रथम स्किल डेवलपमेंट एवं रिसर्च इनोवेशन समिट का भव्य उद्घाटन किया गया। इस समिट की थीम थी स्किल डेवलपमेंट एवं रिसर्च इनोवेशन में बदलते आयाम और वैश्विक स्तर पर अंतर को पाटने की दिशा में कदमह्व

समिट के समापन अवसर पर, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश को आईएसडीसी इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड बेस्ट बायोटेक रिसर्च इंस्टीट्यूट इन इंडिया से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के कौशल विकास और अनुसंधान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देते हुए दिया गया।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की ओर से, डॉ. नवीन कुमार और डॉ. जय प्रकाश मुयाल ने इस वैज्ञानिक कार्यक्रम

में भाग लिया तथा स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी का प्रतिनिधित्व किया। वर्तमान में, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में 600 से अधिक छात्र विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं, जिनमें डीबीटी वित्तपोषित एम.एससी. बायोटेक्नोलॉजी, एम.एससी. मॉलिक्यूलर मेडिसिन, एम.एससी. माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी, इंटीग्रेटेड बी.टेक+एम.टेक. बायोटेक्नोलॉजी, बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी और बी.एससी. फॉरेंसिक साइंसेज शामिल हैं।

स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में उन्नत शोध सुविधाएं, अनुभवी शिक्षक एवं आईसीएमआर, डीएसटी, एसईआरबी, सीएसटी-यूपी, डीबीटी जैसी विभिन्न सरकारी वित्तपोषण एजेंसियों द्वारा स्वीकृत शोध परियोजनाएं उपलब्ध हैं।

इस कार्यक्रम में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के लगभग 20 छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने पोस्टर और ओरल प्रेजेंटेशन में अपनी प्रस्तुतियां दीं।

हरप्रीत कौर वालिया (पीएचडी, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी) ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए द्वितीय सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के डीन, प्रो. एन. पी. मल्कानिया, विभागाध्यक्ष, डॉ. रेखा पुरिया,

सभी संकाय सदस्यों एवं गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई अनुसंधान सुविधाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिए गर्व का विषय है और अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोलती है।

संक्षिप्त खबरें

महर्षि यूनिवर्सिटी में एलुमनी मीट का होगा आयोजन, मिलेंगे पुराने साथी, साझा करेंगे अपने अनुभव

नोएडा। सेक्टर-110 महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में एलुमनी मीट 2025 को लेकर ब्रहस्पतिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि टेक्नोलॉजी द्वारा 22 फरवरी को आयोजित होने एलुमनी मीट कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर उनके अनुभवों और उपलब्धियों को साझा करना है।

इस दौरान यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, डीन अकादमिक डॉक्टर तृप्ति अग्रवाल, असिस्टेंट रजिस्ट्रार संदीप शर्मा, डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स रतीश गुप्ता, एवं कार्यक्रम के संयोजक शिवम् यादव उपस्थित रहे।

वायस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने कहा एलुमनी मीट 2025 हमारे पूर्व छात्रों के लिए न केवल अपने सहपाठियों और शिक्षकों से मिलने का अवसर है, बल्कि यह उनके उनके आपसी रिश्ते को मजबूत करने और नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को प्रेरित करने का भी एक महत्वपूर्ण मंच है जिससे इनके कैरियर को भी नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। डीन अकादमिक डॉक्टर तृप्ति अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करता है और इस आयोजन के माध्यम से उनके अनुभवों से वर्तमान विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।असिस्टेंट रजिस्ट्रार संदीप शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच एक मजबूत संबंध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन न केवल पुराने दोस्तों को फिर से जोड़ने का अवसर देगा, बल्कि विश्वविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों की सहभागिता को भी प्रोत्साहित करेगा।डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स रतीश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे पूर्व छात्र अपनी सफलता की कहानियाँ साझा करेंगे और विश्वविद्यालय के विकास में उनके योगदान पर भी चर्चा होगी। कार्यक्रम के संयोजक शिवम् यादव ने बताया कि पूर्व छात्रों के अनुभवों को सुनने के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिससे वर्तमान विद्यार्थी प्रेरित होंगे और उन्हें अपने करियर को बेहतर दिशा देने में मदद मिलेगी।और इस दौरान मशहूर बॉलीवुड सिंगर बी प्राक अपनी शानदार लाइव प्रस्तुति देंगे। उनके दिल छू लेने वाले गाने और जबरदस्त परफॉर्मेंस इस इवेंट को संगीतमय और मनोरंजक बना देंगे। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और विद्यार्थी उनके लाइव कंसर्ट का भरपूर आनंद उठा सकेंगे। 22 फरवरी को महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी परिसर में आयोजन को लेकर तैयारी जोरों पर है और विश्वविद्यालय से जुड़े सभी लोग बहुत उत्साहित है नोएडा शहर के लिए ये यादगार पल होगा।

ड्रीम टेंट हाउस और मैरिज लॉन में लगी भीषण आग, दमकल की 6 गाड़ियों ने पाया काबू

नोएडा । नोएडा के सेक्टर 122 में गुरुवार को ड्रीम टेंट हाउस और मैरिज लॉन में भीषण आग लग गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की छह गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, जब फायर ब्रिगेड को फोन किया गया था तब उन्हें बताया गया था कि आग में कुछ लोगों के फंसे होने की संभावना है।

जानकारी के मुताबिक, दमकल नियंत्रण कक्ष को पर्थला के खंजरपुर सेक्टर 122 स्थित ड्रीम टेंट हाउस और मैरिज लॉन में आग लगने की सूचना मिली। सूचना के बाद तुरंत दमकल की 6 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। करीब डेढ़ से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि जैसे ही दमकल नियंत्रण कक्ष से सूचना मिली तो तुरंत 6 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। जिस जगह आग लगी, वह घनी आबादी वाला इलाका था, इसलिए आग पर काबू पाना प्राथमिकता थी।

नोएडा पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया

नोएडा। नोएडा के थाना फेस-2 पुलिस ने गांजे की बिक्री और तस्करी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब एक क्विंटल गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की गई दो सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में सुभाष मंडल उर्फ पिंटू, जीत चौधरी, लल्लन मंडल और अनुज शामिल हैं। यह सभी अभियुक्त सेक्टर-82 भंगेल कट के पास से गिरफ्तार किए गए। आरोपियों के पास से बरामद गांजा एनसीआर में फुटकर बिक्री के लिए लाया गया था।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे विशाखापट्टनम से सस्ते दामों में अच्छी क्वालिटी का गांजा लाकर एनसीआर में महंगे दामों पर बेचते थे। गांजा ट्रेन के माध्यम से लाया जाता था और एनसीआर के कम भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों पर उतारकर किराए की वाणिज्यिक गाड़ियों से वितरित किया जाता था। तस्कर गांजे को नायलॉन की शीट में लपेटकर लाते थे, जिसे देखने पर किसी को शक नहीं होता था। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार भी बरामद की है, जिनका उपयोग गांजा तस्करी में किया जाता था। पुलिस उपायुक्त शक्ति मोहन अवस्थी ने इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम को 15,000 रुपए के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह गिरफ्तारी और बरामदगी नोएडा पुलिस की कड़ी निगरानी और तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नोएडा मीडिया क्लब के बैंक खातों में 60 लाख रुपए का लेन-देन मिला, कई और पर गिरेगी गाज

नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत अपराध और अपराधियों की रोकथाम के लिए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में थाना सेक्टर 20 में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें मीडिया क्लब के बैंक खातों में संदिग्ध लेन-देन का मामला प्रकाश में आया है।

10 फरवरी को कई धाराओं में पंकज पाराशर, रिंकू यादव और अन्य सह अभियुक्तों के खिलाफ थाना सेक्टर 20 में मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि मीडिया क्लब के बैंक खाते में

पंकज पाराशर की अध्यक्षता में अलग-अलग बैंक खातों से करीब 60 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इसमें से करीब 15.35 लाख रुपए ए.के. लाल नामक व्यक्ति के बैंक खाते में भेजे गए, जबकि करीब 9.5 लाख रुपए सुनील यादव को भेजे गए।

इसके अलावा, 2.9 लाख रुपए पंकज पाराशर के साथी लोकेश कुमार, 2.70 लाख रुपए रिंकू यादव और 1.5 लाख रुपए पंकज पाराशर की अपनी कंपनी के खाते में भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य विभिन्न खातों में भी धनराशि भेजी गई है।

मीडिया क्लब के लेन-देन के लिए पंकज पाराशर की कंपनी के विभिन्न बैंक खातों का इस्तेमाल किया गया है, जिनमें आईसीआईसीआई बैंक, पीएनबी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं। इन खातों के माध्यम से कैश, आरटीजीएस, आईएमपीएस और एनईएफटी के जरिए भुगतान किया गया। जांच में यह भी पता चला है कि मीडिया क्लब में प्राप्त धनराशि का एक हिस्सा कुछ चुनिंदा व्यक्तियों और पत्रकारों को दिया गया, जबकि शेष धनराशि पंकज पाराशर की कंपनी में लगाया गया। मामले में अन्य विवेचनात्मक कार्यवाही जारी है। यह मामला इस बात का संकेत है कि पुलिस द्वारा गंभीरता से अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और संबंधित आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कयास लगाया जा रहा है कि अभी अन्य पत्रकार व छायाकार भी इसके लपेटे में आनेवाले हैं और उनका नाम उजागर होगा।

चोरी की योजना बनाने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना कासना पुलिस द्वारा अवैध अस्लाह के साथ चोरी की योजना बनाने वाले 3 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है थाना कासना पुलिस को गोपनीय तरीके से प्राप्त सूचना के आधार पर सिरसा गोल चक्कर से डिक्सन व ओप्पो कंपनी को जाने वाले रोड के पास खानपुर के 6 परसेंट में 05 व्यक्ति एक लाल रंग की स्विफ्ट कार में अवैध अस्लाह के साथ कंपनियों में चोरी/लूट की योजना बना रहे है।

विशेष पॉक्सो अदालत-1 : आरोपी को 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा, 70 हजार रुपये के अर्थदंड

नोएडा। विशेष पॉक्सो अदालत-1 के न्यायाधीश विकास नागर की अदालत ने 16 वर्षीय नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में बेलदारपुरा तारागंज थाना जनकगंज ग्वालियर मध्यप्रदेश के निवासी नरेंद्र कुमार शाक्य को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 70 हजार रुपये के अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मामला चार सितंबर 2017 का है, जब 16 वर्षीय पीड़िता स्कूल से घर लौट रही थी। गेट नंबर 1 पर पहुंचने पर आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़िता के चाचा ने 13 सितंबर 2017 को कासना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने आईपीसी की धारा-363, 366, 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया।

लिफ्ट में कुत्ते के साथ जा रही महिला ने बच्चे को पीटा, देर रात हंगामे के बाद पुलिस ने हिरासत में लिया

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी-2 स्थित 12वीं एवेन्यू सोसाइटी में लिफ्ट में कुत्ते को चढ़ाने से मना करने पर एक महिला ने एक बच्चे को लिफ्ट से बाहर खींचकर बेरहमी से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में महिला लिफ्ट में एक बच्चे को घसीटते और पीटते हुए दिखाई दे रही है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सोसाइटी में तनाव फैल गया और लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वीडियो में देखा गया कि महिला लिफ्ट में अपने पालतू कुत्ते के साथ घुसी और बच्चे को बुरी तरह से घसीटते हुए बाहर निकालने लगी। कुत्ता लिफ्ट में बिना मास्क के दिखा रहा था, जो सोसाइटी की डॉग पॉलिसी का उल्लंघन था।

महिला की इस हिंसक हरकत को देखकर लिफ्ट में मौजूद बच्चा सहमा हुआ नजर आ रहा था। सोसाइटी के निवासियों ने इस घटना पर गुस्से का इजहार किया और अपने घरों के बाहर आकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस बीच, पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन महिला को गिरफ्तार नहीं किया।

यूपी सरकार ने अपने आकार से सबसे बड़ा बजट पेश किया : डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

नोएडा। केंद्रीय और यूपी के बजट पर चर्चा को लेकर गुरुवार शाम को उप्र के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नोएडा पहुंचे। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ने अपने आकार से सबसे बड़ा बजट पेश किया।

उप्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने वाला है। उप्र के विकास को बढ़ाने वाला है। आने वाले समय में उप्र अन्य राज्यों के मुकाबले लॉ एंड ऑर्डर और डेवलपमेंट के मामले में नंबर एक का राज्य बनेगा।

उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वो फ्रस्टेशन में है। डिरेल हो चुकी है उनकी गाड़ी।

वो जाति के आधार पर धर्म के आधार पर तुष्टीकरण के आधार पर वोट मांग रहे है।

जबकि भजपा मोदी जी की अगुआई में गरीब कल्याण जन जन का विश्वास जीतकर भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर को पूरे विश्व में अव्वल दर्जे का बनाते हुए तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने महाकुंभ में त्रिवेणी जल पर यूपीपीसीबी की रिपोर्ट पर कहा कि संगम का जल पवित्र है।

पार्क में पुष्प प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

चार हजार किस्म के फूलों की प्रजाति पेश की गई

नोएडा। सेक्टर-33 स्थित शिवालिक पार्क में चार दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी शुरू हो गई। इसका उद्घघाटन सासंद डॉ. महेश शर्मा और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने किया। प्रदर्शन में 50 कुंतल फूलों से तैयार 19 मॉडल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

प्रदर्शनी में सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि नोएडा शहर का नाम कोई परिचय का मोहताज नहीं है। शहर में शासन और प्रशासन की

ओर से कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इनमें देश के विभिन्न राज्यों के लोग हिस्सा लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज नोएडा हर तरह से मजबूत हो रहा है। सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा प्रदर्शनी नोएडा के नागरिकों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक खास अवसर है। पुष्प प्रदर्शनी के जरिए हमको प्रकृति से जुड़ने का मौका मिलता है। पर्यावरण की देखभाल करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने प्रदर्शनी में लगे कई स्टॉल पर जाकर निरीक्षण किया।

प्रदर्शनी में 10 से अधिक राज्यों के राजकीय पुष्प भी शामिल किए गए हैं। इनमें गुलाब, शेवंती, पेटुनिया, बेगोनिया, कैलेंडुला मरहम, मैरीगोल्ड, डायम्बस, जिनिया जैसे विभिन्न प्रकार के पुष्प शामिल हैं। इसके अलावा प्रदर्शनी में लोग देसी-विदेशी फूलों को देख सकते हैं।

80 से अधिक स्टॉल लगाए गए

नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण और प्लोरिकल्चर सोसाइटी की ओर से आयोजित 37वीं पुष्प प्रदर्शनी में 80 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें चार हजार किस्म के फूलों की प्रजाति को दशार्या गया है।

इसमें गुलाब, शेवंती, पेटुनिया, बेगोनिया, कैलेंडुला मरहम, मैरीगोल्ड, डायम्बस, जिनिया जैसे विभिन्न प्रकार के पुष्प शामिल हैं। इसी के साथ प्रदर्शनी में पहुंचने वाले लोगों को पौधे लगाने और देखभाल करने की जानकारी दी जा रही है।

भारत और अर्जेंटीना ने लिथियम खोज और खनन में एमओयू के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत किया

नई दिल्ली। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने खान मंत्रालय के सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज यहां अर्जेंटीना के कैटामार्का के गवर्नर राउल एलेजांद्रो जलील के साथ बैठक की। इसमें विशेष रूप से लिथियम अन्वेषण और निवेश के अवसरों में खनन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा खान मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) और अर्जेंटीना के कैटामार्का की प्रांतीय सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करना था, जो महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण और संसाधन विकास में गहन सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। 'लिथियम त्रिभुज' के हिस्से के रूप में अपने विशाल लिथियम भंडार के लिए जाना जाने वाला अर्जेंटीना इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी और नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के लिए आवश्यक खनिजों को सुरक्षित करने में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है। इसमें खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (केबीआईएल) और ग्रीनको द्वारा कैटामार्का में चल रहे लिथियम अन्वेषण प्रयासों और अर्जेंटीना की खनन परियोजनाओं में भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

भारत और नेपाल ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए समझौते कर साझेदारी सुदृढ़ की

नई दिल्ली। भारत और नेपाल के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग के तहत, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नेपाल विज्ञान तथा प्रविधि प्रज्ञा प्रतिष्ठान (एनएएसटी) ने यहां सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। सीएसआईआर की महानिदेशक और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) की सचिव डॉ. एन. कलैसेलवी और एनएएसटी के कुलपति प्रो. डॉ. दिलीप सुब्बा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए और दस्तावेज आदान-प्रदान किए। इस समझौते से द्विपक्षीय वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग बढ़ाने का व्यापक तंत्र स्थापित हुआ है। सीएसआईआर और एनएएसटी के बीच लंबे समय से सहयोग है। यह 1994 में आरंभ हुआ था, जब सीएसआईआर और तत्कालीन रोनास्ट अब एनएएसटी के बीच परस्पर हित के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते के क्रियान्वयन के लिए 1997 और 2002 में दो कार्यकारी योजनाओं पर हस्ताक्षर हुए। इसके अंतर्गत कई संयुक्त कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये, जो समझौते की निर्धारित अवधि से आगे भी जारी रहे।

अमेरिका में शुल्क बढ़ने से प्राथमिक एल्युमिनिमय उत्पादकों पर पड़ेगा प्रभाव : क्रिसिल इंटेलिजेंस

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार का सूचना परक विश्लेषण करने वाली इकाई क्रिसिल इंटेलिजेंस का कहना है कि अमेरिका में एल्युमिनियम आयात पर ऊंची दर से शुल्क लगाने से भारतीय एल्युमिनियम निर्माताओं तथा एल्यूमीनियम स्क्रैप आयातकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका की सरकार ने 12 मार्च से एल्युमिनियम आयात पर 25 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने का निर्णय किया है। इस निर्णय पर क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक (शोध) सेहुल भट्ट ने कहा कि इसका भारत से प्रथमिक एल्युमिनियम के निर्माताओं और अमेरिका से एल्युमिनियम स्क्रैप आयात कर उससे मिश्र धातु बनाने वाली कंपनियों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।भारत में उत्पादित प्राथमिक एल्युमिनियम का आधार हिस्सा विदेशों में बेचा जाता है। इसका छह प्रतिशत अमेरिकी बाजार में जाता है। श्री भट्ट ने एक बयान में कहा, 12 मार्च, 2025 से एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत प्रशुल्क लगाने के अमेरिकी कदम का इस धातु के भारतीय निर्माताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।अभी वहां लगने वाला शुल्क अभी बहुत कम है । भारत के प्राथमिक उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा वर्तमान में निर्यात किया जाता है, जिसमें से करीब छह प्रतिशत अमेरिका जाता है। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि 25 प्रशुल्क लागू होने के बाद अमेरिका में प्राथमिक एल्युमिनियम के उपयोगकर्ता आयात कम कर सकते हैं, इसलिए वहां के अंतिम उपयोगकर्ता स्थानीय रूप से प्राप्त द्वितीयक एल्युमिनियम या स्क्रैप को प्राथमिकता देंगे।

कोयला ब्लाक नीलामी में आगे भूमिगत कोयला खनन की अपनी जगह होगी

कोलकाता। कोयला सचिव विक्रम देव दत्त ने कहा कि कोयला ब्लाकों की आगामी नीलामी में भूमिगत खनन का अपना स्थान होगा जो कोयला निकासी का एक स्वस्थ और कुशल दृष्टिकोण प्रदान करेगा तथा जिससे पर्यावरण को नुकसान भी कम से कम होगा। श्री दत्त कोयला मंत्रालय द्वारा कोयला क्षेत्र और वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए आयोजित एक रोड शो को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। श्री दत्त ने कहा कि सरकार देश में कोयला संसाधनों की अप्रयुक्त क्षमता के व्यावसायिक उपयोग के लिए सुधारों और कोयला क्षेत्र में स्वस्थ विकास को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने विभिन्न राज्य सरकारों और पर्यावरण और वन मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों के साथ मंत्रालय के सक्रिय समन्वय का भी उल्लेख किया, ताकि प्रारंभिक मंजूरी में तेजी लाई जा सके और रेल मंत्रालय के माध्यम से रसद सहायता बढ़ाई जा सके। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार कोयला सचिव ने कहा, आगामी नीलामी में भूमिगत खनन का अपना स्थान होगा, जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए कोयला निकासी के लिए एक टिकाऊ और कुशल दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

केंद्र ने गेहूं की कीमतों पर नियंत्रण स्टॉक सीमा घटाकर 250 टन किया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गेहूं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाया है। सरकार ने गेहूं के थोक व्यापारियों के लिए स्टॉक की सीमा 1,000 टन से घटाकर 250 टन कर दिया है। इसके साथ ही सरकार ने दावा किया है कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार ने ''गेहूं की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू गेहूं की भंडारण सीमा को संशोधित करने का फैसला किया है।'' मंत्रालय ने कहा कि 31 मार्च तक लागू रहने

वाली संशोधित भंडारण सीमा के मुताबिक व्यापारी/थोक विक्रेता केवल 250 टन गेहूं रख सकते हैं। पहले यह सीमा 1,000 टन थी। वहीं, खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण की सामा को पांच टन से घटाकर 4 टन कर दिया गया है। इसी तरह गेहूं का प्रसंस्करण करने वाले अप्रैल, 2025 तक मासिक स्थापित क्षमता (एमआईसी) का 50 फीसदी रख सकते हैं। मंत्रालय के मुताबिक गेहूं का भंडारण करने वाली सभी इकाइयों को गेहूं भंडार सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर शुक्रवार को भंडार की स्थिति की जानकारी देना अनिवार्य है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि वह देश में कीमतों को नियंत्रित करने और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं के भंडार की स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। गेहूं की नई फसल की कटाई मार्च के अंत से शुरू होती है।

डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयरों में 9.84 फीसदी का उछाल

एजेंसी

नई दिल्ली। बेंगलुरु स्थित डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयरों में जबरदस्त उछाल दिखा। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में बेहतर परिणाम की बदौलत बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर भाव 31.85 अंक यानी 9.84 फीसदी उछलकर 355.65 रुपये पर बंद हुआ। नेशनल स्?टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 27.10 अंक यानी 8.37 फीसदी की उछाल के साथ 350.80 रुपये पर बंद हुआ है।

जल इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण सेवाओं (ईपीसी) में विशेषज्ञता रखने वाली डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड के मुताबिक 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी में कंपनी की कुल आय 11.59

फीसदी बढ़कर 52.30 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 18.40 करोड़ रुपये का शानदार ईबीआईटीडीए दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में दर्ज 8.59 करोड़ रुपये की तुलना में 114.20 फीसदी अधिक है।

पीएम इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में एक लाख से ज्यादा आवेदन के अवसर खुले

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) पायलट चरण के दूसरे चरण का शुभारंभ हो गया है। इसके लिए एक बार फिर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में देश के 730 से अधिक जिलों में स्थित शीर्ष कंपनियों में एक लाख से ज?यादा इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए पायलट चरण के दूसरे चरण की शुरुआत हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि पहले चरण में 6 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त होने के बाद दूसरे चरण में देश के 730 से अधिक जिलों में शीर्ष कंपनियों में 1 लाख से अधिक इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। पीएमआईएस के दूसरे चरण के लिए देशभर में 70 से अधिक आईईसी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें अधिकतम इंटर्नशिप के अवसर वाले जिलों में, विश्वविद्यालय, कॉलेज और आईटीआई, रोजगार मेले आदि शामिल हैं, जो इन इंटर्नशिप के लिए जरूरी योग्यता के आधार पर हैं। इसके अलावा अवसरों के एकत्रीकरण और युवाओं के लिए प्रासंगिकता के आधार पर कई प्लेटफार्मों और प्रभावशाली लोगों के जरिए राष्ट्रीय स्तर के डिजिटल अभियान चल रहे हैं। इसके लिए पात्र युवा यहां दिए गए लिंक पर आवेदन कर सकते हैं- : https://pminternship.mca.gov.in/ मंत्रालय ने कहा कि तेल, गैस और ऊर्जा; बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव, धातु और खनन विनिर्माण और औद्योगिक, तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) और कई अन्य क्षेत्रों की 300 से अधिक शीर्ष कंपनियों ने भारतीय युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने, पेशेवरों के साथ नेटवर्क बनाने और अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए हैं।कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की अगुवाई में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना भारत की युवा आबादी की क्षमता का दोहन करने के लिए उन्हें भारत की शीर्ष कंपनियों में 12 महीने की सशुल्क इंटर्नशिप प्रदान करके तैयार की गई है। यह योजना 21 से 24 वर्ष की आयु वर्ग के ऐसे व्यक्तियों को लक्षित करती है, जो वर्तमान में किसी भी पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम या रोजगार से जुड़े हुए नहीं हैं। यह योजना उन्हें अपने करियर को शुरू करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत प्रत्येक इंटर्न को 5 हजार रुपये की मासिक वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त 6,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। प्रत्येक इंटर्नशिप प्रासंगिक प्रशिक्षण और पेशेवर अनुभव (कम से कम छह महीने) का संयोजन होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उम्मीदवार सीखें और अपने कौशल को व्यावहारिक स्थितियों में भी लागू कर सकें।

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को पूर्वोत्तर में मिली उल्लेखनीय सफलता, अरुणाचल प्रदेश शीर्ष पर

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इसके तहत अरुणाचल प्रदेश में उपभोक्ता शिकायत पंजीकरण और समाधान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश में उपभोक्ता शिकायत पंजीकरण और समाधान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में अरुणाचल प्रदेश बेहतरीन प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरा है। मंत्रालय ने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में अरुणाचल प्रदेश एक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला राज्य बनकर उभरा है। 2020 में 318 शिकायतों के साथ राज्य में विभिन्न चैनलों के माध्यम से एनसीएच तक पहुँचने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई, जिसके कारण 2024 में 15,860 उपभोक्ता शिकायतें दर्ज की गईं। अरुणाचल की प्रगति एनसीएच प्लेटफॉर्म में बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता और विश्वास को प्रदर्शित करती है, जो

Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution
Government of India

अभिनव आउटरीच पहलों और तकनीकी उपायों द्वारा संचालित है।

मंत्रालय के मुताबिक यह सफलता देश के भौगोलिक दृष्टि से सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता को प्रोत्साहन देने तथा प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा की गई विभिन्न पहलों के सामूहिक परिणाम को प्रतिबिंबित करती है। पूर्वोत्तर राज्यों को अपनी अनूठी जनसांख्यिकी और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के कारण पारंपरिक रूप से उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली तक पहुँचने में बाधाओं का सामना करना पड़ा है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि इन राज्यों में एनसीएच के ठोस प्रयासों से 300 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2020 में 9162 शिकायतों से बढ़कर वर्ष 2024 में 36,609 शिकायतें हो गई हैं। विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश ने इस आंदोलन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जिसमें ई-कॉमर्स, दूरसंचार सेवाओं, डिजिटल भुगतान और दोषपूर्ण वस्तुओं और सेवाओं जैसे क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों से संबंधित शिकायतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद, सेंसेक्स 203 अंक टूटा

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका के शुल्क लगाने पर अनिश्चितता के बीच हफ्ते के चौथे दिन शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्?बे स्?टॉक एक्?सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 203.22 अंक यानी 0.27 फीसदी टूटकर 75,735.96 पर बंद हुआ है। वहीं, नेशनल स्?टॉक एक्?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.75 अंक यानी 0.086 फीसदी फिसलकर 22,913.15 के स्?तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में कमजोर एशियाई बाजारों और विदेशी कोषों की निकासी से भी निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 शेयर में गिरावट रही, जबकि 15 शेयरों में तेजी दर्ज हुई है।

वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 शेयरों में गिरावट रही और 28 शेयरों में तेजी रही है।

सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में शामिल एचडीएफसी बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस में गिरावट दर्ज हुई है। वहीं, एनटीपीसी, अडाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे।

इसके अलावा एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरकर बंद हुआ।

दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार बढ़त में थे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बुधवार को बीएसई का सेंसेक्स 28 अंकों की गिरावट के साथ 75,939 पर बंद हुआ था। वहीं, एनएसई निफ्टी भी 12 अंक टूटकर 22,932 के स्तर पर बंद हुआ था।

मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल बढ़ाया गया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया है। नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च, 2027 तक बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल 31 मार्च, 2027 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सीईए नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को मुख्य आर्थिक सलाहकार का पदभार संभाला था। इससे पहले वी. अनंत नागेश्वरन ने एक लेखक, शिक्षक और सलाहकार के रूप में भी काम किया है। वह 2019 से 2021 तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अस्थायी सदस्य भी रहे हैं। सीईए का कार्यालय विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सरकार को सलाह देने और केंद्रीय बजट से एक दिन पहले संसद में पेश की जाने वाली आर्थिक समीक्षा का मसौदा तैयार करने का काम देखता है। वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल विस्तार आर्थिक

सर्वेक्षण 2024-25 में अगले वित्त वर्ष के लिए 6.3-6.8 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाए जाने के कुछ हफ्ते बाद हुआ है। सरकार के अग्रिम अनुमानों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 में देश की अर्थव्यवस्था के 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

नागरिक उड्डयन मंत्री ने पायलटों के लिए लॉन्च किया 'इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल लाइसेंस'

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने नई दिल्ली स्थित उड़ान भवन में पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल) लॉन्?च किया। इसके साथ ही भारत चालक दल के सदस्यों के लिए ईपीएल लागू करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है।

चीन पहले ही ऐसी सुविधा लागू कर चुका है।इस अवसर पर के. राममोहन नायडू ने कहा कि भारत पायलट लाइसेंस को डिजिटल बनाने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। अब हमारे पायलट वैश्विक एजेंसियों के लिए सहज वास्तविक समय सत्यापन के साथ ईजीसीए ऐप

के माध्यम से किसी भी समय अपने लाइसेंस को सुरक्षित रूप से एक्सेस कर सकते हैं। यह भारतीय विमानन के लिए एक बड़ा बदलाव है। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल) का कार्यान्वयन सरकार की व्यापार सुगमता और डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है। इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस देश में नागर विमानन के आधुनिकीकरण एवं सुरक्षा, संरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आधुनिक विमानन प्रशासन के लिए अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की रूपरेखा के अनुरूप है और भविष्य के लिए तैयार रहने की देश की तत्परता को दर्शाता है। इस अवसर पर नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और डीजीसीए के महानिदेशक (डीजी) फैज अहमद किदवई भी उपस्थित रहे।

पंजाब नेशनल बैंक ने खुदरा ऋण दरों में 0.25 फीसदी की कटौती की

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने आवास एवं वाहन लोन सहित खुदरा ऋणों पर ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कटौती करने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद पीएनबी की विभिन्न योजनाओं के तहत अवास लोन की दर घटकर 8.15 फीसदी हो गया है। बैंक की नई दरें 10 फरवरी से प्रभावी हैं। पंजाब नेशनल बैंक ने जारी एक बयान कहा कि बैंक ने विभिन्न योजनाओं के तहत आवास ऋण की दर संशोधित कर 8.15 फीसदी कर दिया गया है। बैंक ने बताया कि संशोधित दरें आवास ऋण, कार लोन, शिक्षा एवं व्यक्तिगत ऋण सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों पर लागू होंगी। पीएबनबी ने इससे यह सुनिश्चित होगा कि ग्राहकों को विविध वित्तपोषण विकल्प मिलते रहेंगे जबकि नई दरें 10 फरवरी, 2025 से प्रभावी हैं।

बैंक ने एक बयान में कहा,'' ग्राहक 31, मार्च 2025 तक अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क की पूरी छूट का लाभ उठा सकते हैं। पारंपरिक आवास ऋण योजना में ब्याज दर 8.15 फीसदी प्रति वर्ष से शुरू होती है, जिसकी मासिक किस्त 744 रुपये प्रति लाख है।'' इसके साथ ही मोटर वाहन लोन की नई तथा पुरानी (दोनों कारों) के वित्तपोषण के लिए ब्याज दर 8.50 फीसदी प्रति वर्ष से शुरू होगी, जिसकी मासिक किस्त 1,240 रुपये प्रति लाख है।

उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करने के अनुरूप आवास सहित खुदरा ऋणों पर ब्याज दर को 0.25 फीसदी घटाया था।

दिल्ली के यशोभूमि में शुरू हुआ इंटरनेशनल लेदर एक्सपो, 52 देशों के खरीदार हुए शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो (डीआईएलईएक्स) का छठा संस्करण नई दिल्ली के द्वारका में स्थित यशोभूमि इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) में शुरू हुआ। इसमें करीब 52 देशों के विदेशी खरीदारों ने हिस्सा लिया। डीआईएलईएक्स के उद्घाटन के दौरान वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव विमल आनंद ने कहा कि यह आयोजन भारत की वैश्विक व्यापार यात्रा में एक अहम मील का पत्थर है। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) की ओर से आयोजित यह इंटरनेशनल लेदर एक्सपो 20 और 21 फरवरी तक चलेगा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम को भारत सरकार की ओर से बाजार पहुंच पहल (एमएआई) योजना के तहत समर्थन दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य वैश्विक चमड़ा और फुटवियर उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है। मंत्रालय के मुताबिक डीआईएलईएक्स की वैश्विक पहुंच भी बढ़ी है, जिसमें यूरोप और अमेरिका के प्रमुख बाजारों सहित लगभग 52 देशों के 200 से अधिक विदेशी खरीदार शामिल हुए हैं, जबकि पिछली बार यह संख्या सिर्फ 130 से अधिक थी।

जी20 ईडब्ल्यूजी बैठक में समावेशी श्रम बाजार, युवाओं और महिलाओं के लिए बेहतर रोजगार पर हुई चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित पहली जी20 रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) बैठक में समावेशी विकास और युवा रोजगार तथा समावेशी भविष्य के लिए सामाजिक सुरक्षा और डिजिटलीकरण की प्राथमिकता वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में 18-21 फरवरी 2025 को पोर्ट एलिजाबेथ, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित इस पहली जी20 रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस प्रतिनिधिमंडल में दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. थेल्मा जॉन डेविड और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के उप निदेशक पीयूष कुमार पाठक शामिल थे। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार पहली जी20 रोजगार कार्य समूह बैठक में जी20 सदस्य देशों ने रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के लिए अपने-अपने नीतिगत दृष्टिकोण पर जोर देते हुए हस्तक्षेप किया। संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड और नॉर्वे सहित आमंत्रित सदस्य देशों ने भी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर हस्तक्षेप किया। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने भी वैश्विक रोजगार रुझानों और श्रम बाजार सुधारों में सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक प्रस्तुति दी। हस्तक्षेप के दौरान सचिव ने रोजगार सृजन, श्रम बाजार लचीलापन और व्यापक सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य से भारत के प्रमुख सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत कृषि, एमएसएमई, विनिर्माण, चिकित्सा शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास सहित रणनीतिक क्षेत्रीय निवेशों के माध्यम से अपने आर्थिक परिदृश्य को मजबूत करना जारी रखता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और निर्यात-संचालित रोजगार पर ध्यान केंद्रित किया गया, साथ ही वेयरहाउसिंग और एयर कार्गो सुविधाओं को बढ़ाने की पहल की गई। इस हस्तक्षेप ने भारत के सकारात्मक रोजगार रुझानों पर भी जोर दिया, जिसमें 2017-18 में 6 फीसद से 2023-24 में 3.2 फीसद तक बेरोजगारी दर में गिरावट देखी गई। साथ ही श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) और श्रमिक जनसंख्या अनुपात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। चार श्रम संहिताओं और अन्य सुधारों का उद्देश्य श्रम कल्याण में सुधार करना, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना (जिसमें गिग और प्लेटफ़ॉर्म श्रमिक शामिल हैं), रोजगार को औपचारिक बनाना और महिला श्रम बल की भागीदारी बढ़ाना है। आईएलओ की विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट 2024-26 के अनुसार सामाजिक सुरक्षा विस्तार में भारत के प्रयासों को मान्यता दी गई, जिसमें कवरेज 2021 में 24.4 फीसद से दोगुना होकर 2024 में 48.8 फीसद हो गया। आईएलओ के साथ 'इन-काइंड' लाभों और राज्यों के लाभों को शामिल करने के लिए चल रहे काम के साथ देश का संभावित कवरेज और भी बढ़ जाएगा। सचिव ने ई-श्रम पोर्टल की सफलता पर जोर दिया, जिसने 300 मिलियन से अधिक असंगठित श्रमिकों को पंजीकृत किया है, और ईएसआईसी और ईपीएफओ योजनाओं के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को औपचारिक क्षेत्र के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में भी उजागर किया गया।

51वें खजुराहो नृत्य समारोह का हुआ शुभारंभ, वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन गिनीज विश्व रिकॉर्ड से बढ़ेगा नृत्य साधकों का मान: मुख्यमंत्री डॉ यादव

भोपाल/ब्यूरो। ईश्वर की साधना को समर्पित वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन गिनीज विश्व रिकॉर्ड से नृत्य साधकों का मान बढ़ेगा।

यह देश की संस्कृति और नृत्यसाधकों के लिए गौरव का क्षण है। सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विश्व पटल पर अंकित करने का यह सर्वोत्तम साधन है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खजुराहो में 51वें खजुराहो नृत्य समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिनीज विश्व रिकॉर्ड से पूरा विश्व भारत की विविध और समृद्ध संस्कृति से प्रकाशमान होगा। 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक 139 नृत्य कलाकारों की अविरल और साधना से बना विश्व रिकॉर्ड न सिर्फ कला साधकों का हौसला बढ़ाएगा बल्कि शासन के संस्कृति और विरासत को सहेजने के प्रयासों को भी गति देगा।

डॉ यादव ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती पावन और पवित्र है। बुंदेलखंड की धरती पर पत्थर भी चमकता है तो हीरा कहलाता है। मनुष्य चमकता है तो बुंदेला कहलाता है। वैसे ही बुंदेलखंड में नृत्य होता है तो वह अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह कहलाता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय नृत्यों का सृजन भगवान की साधना के लिए किया गया है। जैसे कथकली में भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, जीवन, और गतिविधियों को दिखाया जाता है। वहीं भगवान नटराज ने तांडव नृत्य और आनंद नृत्य का सृजन किया है। आज बने गिनीज विश्व रिकॉर्ड में शास्त्रीय नृत्य की सतत प्रस्तुति से समय की निरंतरता को भी प्रदर्शित किया है। जिस तरह ब्रह्मांड में आकाशगंगा ब्लैक होल की ओर बढ़ती है और सौरमंडल में सूर्य एवं अन्य गृह अपनी गति से चलायमान है। समय को परमात्मा का स्वरूप माना गया है इसलिए समय का सदुपयोग जीवन में सबसे आवश्यक है। गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास 19 फरवरी, 2025 को दोपहर 2:34 बजे आरम्भ हुआ जिसे 20 फरवरी 2025 दोपहर 2:43 तक नृत्यसाधकों की निरंतर प्रस्तुति से अंजाम तक लाया गया। इसके परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश के नाम एक ओर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड रच दिया गया। संस्कृति विभाग द्वारा संयोजित गतिविधि में 139 नृत्य कलाकारों ने प्रतिभागिता की और निरंतर 24 घंटे 9 मिनट तक कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, ओडिसी नृत्यों की प्रस्तुति दी। वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) की

अंतिम प्रस्तुति भरतनाट्यम की थी। गिनीज टीम द्वारा इसे वर्ल्ड रिकॉर्ड घोषित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव को सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ यादव के समक्ष सभी 139 नृत्य कलाकारों ने नृत्य की समवेत प्रस्तुति तराना 'अनंत' को प्रदर्शित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और सांसद खजुराहो वी.डी. शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने गिनीज विश्व रिकॉर्ड के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रुप फोटो खिंचवाया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खजुराहो नृत्य समारोह की स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में संस्कृति को सहेजने और उसे विश्व पटल पर अंकित करने के प्रयास किए जा रहे है। इन्हीं प्रयासों के क्रम में यह छठा गिनीज विश्व रिकॉर्ड बना है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह के उद्देश्य और आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

सांसद श्री शर्मा ने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह का आयोजन बुंदेलखंड की धरती का गौरव हैं। आज बना गिनीज विश्व रिकॉर्ड शासन के संस्कृति और कला को सहेजने के नवाचार और पहल का परिणाम है। इससे सभी कला प्रेमियों का उत्साह बढ़ेगा।

51वें खजुराहो नृत्य समारोह के शुभारंभ अवसर पर राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदान किए गए। दत्तात्रय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार दिव्या पोरवाल को, रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार वीना सिंह को, नारायण श्रीधर बेन्द्रे पुरस्कार रश्मि कुरिल को, मुकुन्द सखाराम भाण्ड पुरस्कार नीतेश पंचाल को, देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार उज्जवल ओझा को, जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार प्रीति पोतदार जैन को, सैय्यद हैदर रजा पुरस्कार नीष सिंह को, लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार पल्लवी वर्मा को, राममनोहर सिन्हा पुरस्कार शुभमराज अहिरवार को और विष्णु चिंचालकर पुरस्कार लकी जायसवाल को प्रदान किया गया।

आदिवर्त जनजातीय लोककला एवं राज्य संग्रहालय में मध्यप्रदेश के पांच सांस्कृतिक जनपदों का लोकार्पण किया गया। सांस्कृतिक जनपदों में मालवा, निमाड़, चंबल, बुन्देलखण्ड और बघेलखण्ड के जीवन और संस्कृति को आकर्षक ढंग से अभिव्यक्त करते उनके घर, घरेलू वस्तुएं और लोक देवता को प्रदर्शित किया गया है। खजुराहो आने वाले विदेशी और अन्य राज्यों के पर्यटकों को जनपदों के माध्यम से प्रदेश की स्थानीय संस्कृति से परिचित कराया जायेगा।

बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और नई पीढ़ी को नृत्य के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से समारोह में पहली बार खजुराहो बाल नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ सुप्रसिद्ध अभिनेत्री और नृत्यांगना प्राची शाह, कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन, संचालक संस्कृति एन.पी. नामदेव और निदेशक उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी डॉ धर्मेंद्र पारे ने किया। बाल प्रतिभाओं ने ऊर्जा से भरपूर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इस गतिविधि के लिए परिसर में विशेष मंच बनाया गया था। पहली प्रस्तुति कुचिपुड़ी नृत्यांगना कुमारी निकिता अहिरवार की रही। उन्होंने कृष्ण शब्दम और कृष्ण तरंगम की मनमोहक प्रस्तुति से समा बंधा। इसके बाद नाविका माहेश्वरी की भरतनाट्यम की प्रस्तुति हुई। उन्होंने पुष्पांजलि, अष्टपदी और अर्धनारीश्वर की प्रस्तुति दी। अंतिम प्रस्तुति त्वरिता जैन की रही, उन्होंने कथक नृत्य में ताल बसंत नौ मात्रा और बसंत गीत की प्रस्तुति दी।

कमलनाथ ने मध्य प्रदेश सरकार से की गेंहू का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग, याद दिलाया चुनावी वादा

भोपाल/ब्यूरो। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने प्रदेश सरकार से गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने की मांग की है। उन्होंने किसानों की तरफ से अपनी चिंता व्यक्त करते हुएभाजपा सरकार को उनके चुनावी वादों की याद दिलाया है।

कमलनाथ ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा प्रदेश में गेहूं की फसल तैयार होने वाली है और आने वाले कुछ सप्ताह में गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मैं भाजपा सरकार को याद दिलाना चाहता हूँ कि आपने किसानों को गेहूं का 2700 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का चुनावी वादा किया था। इसलिए तुरंत गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाए और इसी कीमत पर तुलाई केंद्रों पर गेहूं की सरकारी खरीद की जाए।

कमलनाथ ने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में किसानों की लागत लगातार बढ़ती जा रही है वैसे में 2700 रुपये प्रति क्विंटल भी कोई बहुत अधिक एमएसपी नहीं है। मध्य प्रदेश का किसान पहले ही देख चुका है कि आपने वादे के मुताबिक धान पर 3100 प्रति क्विंटल एमएसपी नहीं दिया। अगर अब गेहूं का 2700 प्रति क्विंटल नहीं दिया जाता तो किसानों को यह एकदम स्पष्ट हो जाएगा कि भाजपा न सिर्फ.किसान विरोधी हैं, बल्कि पूरी तरह से किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है।

दतिया: बेकाबू टैक्सी पलटने से दो लोगों की मौत, 4 अन्य यात्री घायल

दतिया/ब्यूरो। दतिया-भांडेर रोड पर गुरुवार सुबह बीकर गांव के पास एक टैक्सी बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी अनुसार घटना गुरुवार सुबह करीब 7 बजे दुरसड़ा थाना क्षेत्र मे बीकर गांव में आड़ेगोला के पास हुआ। टैक्सी दतिया रेलवे स्टेशन से भांडेर की ओर जा रही थी। वाहन में कुल 6 लोग सवार थे, जिनमें से कुछ भांडेर और कुछ पण्डोखर धाम जा रहे थे। इस दौरान बीकर गांव में टैक्सी बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में टैक्सी चालक अंकित पाल (25) और यात्री अंकुश राजावत की मौत हो गई। वहीं रश्मि चौहान (26, जालौन), सरला कुमारी खन्ना (65, हरियाणा), गौरव वर्मा (32, आगरा) और मुकेश मित्तल (50, आगरा) घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है।

थाना प्रभारी सविता शर्मा ने बताया कि टैक्सी के पलटने से दो लोगों की मौत हुई है, वहीं चार लोग घायल है। घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्वालियर को हर दृष्टिकोण से बनाएंगे एक आदर्श शहर: ऊर्जा मंत्री तोमर

ग्वालियर/ब्यूरो। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शहर के वार्ड-33 के अंतर्गत लक्ष्मण तलैया जीर्णोद्धार कार्य व सीसी रोड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। यह कार्य एक करोड 51 लाख रुपये की लागत से होने जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में विकास के नये नये आयाम लिखे जा रहे हैं।

इसी क्रम में लक्ष्मण तलैया जैसे ऐतिहासिक स्थल का जीर्णोद्धार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि ग्वालियर हर दृष्टिकोण से एक आदर्श शहर बने, जहां हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि लक्षण तलैया के जीर्णोद्धार के साथ-साथ यहाँ पर एलईडी लाइट, वाटर फाउंटेन, बैंच, शौचालय, बच्चों के खेलने के लिए ग्रांउड आदि कार्य कराये जाएगें।

सरकार का प्रयास है कि लक्ष्मण तलैया एक टूरिस्ट प्लेस बने और पर्यटक लक्ष्मण तलैया को देखने आएं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीर्णोद्धार के साथ ही इसके रख-रखाव की जिम्मेदारी भी तय की जाए। उन्होंने कहा ग्वालियर का वैभव पुराने स्वरूप में दिखे। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा एतिहासिक स्थलों को संवारने का कार्य किया जा रहा है।

मंत्री तोमर ने खल्लासीपुरा पम्प हाउस से नौगजा रोड एवं आसपास की गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हए कहा कि शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरा भरा बनाये रखने के लिए आमजन को स्वच्छता में सहयोग करना होगा। इस बार शहर को स्वच्छता में अव्वल स्थान पर लाना है। इसके लए हमें अपने घरों से स्वच्छता की आदत डालनी होगी। कहीं भी कचरा न फेंके, कचरा सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश रोजौरिया, पार्षद सुनीति अरूणेश कुशवाह सहित कमलेश कौरव, अंजली रायजादा, कुसुम कौरव, प्रयाग तोमर, आकाश श्रीवास्तव, चंदू सेन, अजीत राजपूत, राजेन्द्र जैन सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में इसरो का विशेषज्ञ दल करेगा दौरा

रायपुर/ब्यूरो। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज गुरुवार को नई दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन वी. नारायणन ने भेंट कर छत्तीसगढ़ में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग से कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा देने पर गहन चर्चा की।

इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ में सैटेलाइट आधारित सर्वेक्षण, भू-मानचित्रण , प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि, छत्तीसगढ़ में कृषि, जल संसाधन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में तकनीकी नवाचारों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। इसरो के सहयोग से हम इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कार्य करेंगे, जिससे किसानों को अधिक सटीक जानकारी मिले और राज्य के विकास को गति मिले।

बैठक में बताया गया कि, इसरो का एक विशेषज्ञ दल जल्द ही छत्तीसगढ़ का दौरा करेगा और राज्य में सैटेलाइट इमेजरी, जीआईएस तकनीक और डेटा विश्लेषण के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों का

विस्तृत अध्ययन करेगा। इसके तहत राज्य में मृदा स्वास्थ्य विश्लेषण, जल स्रोतों का सटीक आकलन, बाढ़ और सूखे की भविष्यवाणी, और कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए डेटा-संचालित निर्णय लेने की प्रणाली विकसित की जाएगी।

इसरो की विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से छत्तीसगढ़ को कृषि, आपदा प्रबंधन, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग, पर्यावरण एवं वन संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों मे व्यापक लाभ होगा। कृषि क्षेत्र में सैटेलाइट डेटा के उपयोग से बेहतर फसल पूवार्नुमान, मिट्टी की गुणवत्ता सुधार, और जल संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन, बाढ़, सूखा और वनाग्नि जैसी प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व-चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना, नगर नियोजन, परिवहन व्यवस्था, और पर्यावरणीय संतुलन के लिए अत्याधुनिक स्पेस डेटा के उपयोग सहित वन क्षेत्रों की निगरानी और अवैध कटाई की रोकथाम के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, इसरो और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच साझेदारी से राज्य में तकनीकी प्रगति को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

इस पहल के तहत छत्तीसगढ़ अनुसंधान संस्थानों को भी जोड़ा जाएगा, जिससे युवा वैज्ञानिकों को नवाचारों में योगदान देने का अवसर मिलेगा।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के नए युग में इसरो का सहयोग राज्य को भविष्य की तकनीकों से सशक्त बनाएगा, जिससे कृषि, पर्यावरण, जल प्रबंधन और आपदा न्यूनीकरण जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे।

रायपुर : मुख्यमंत्री साय से भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी. टी. उषा ने की भेंट

रायपुर/ब्यूरो। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज गुरुवार को नई दिल्ली में भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद पी. टी. उषा ने सौजन्य भेंट की।

इस महत्वपूर्ण मुलाकात में छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास, युवा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण और ओलंपिक स्तर की प्रतिस्पधाओं के लिए राज्य की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री साय ने राज्य में खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता को 1 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई है।

बैठक के दौरान पी. टी. उषा ने छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) द्वारा एक विशेष प्रतिनिधिमंडल भेजने की बात कही।

उन्होंने कहा कि इस दल में विभिन्न खेलों के अनुभवी कोच और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो स्थानीय खिलाड़ियों को ओलंपिक स्तर की प्रतिस्पधाओं के लिए प्रशिक्षित करेंगे और उनकी खेल तकनीकों को निखारने में सहायता करेंगे।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, और यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उषा ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना की और इसे भारत के खेल प्रोत्साहन मॉडल के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बताया।

बालाघाट: मुठभेड़ में मारी गई चार महिला नक्सलियों पर था 62 लाख रुपये का इनाम

बालाघाट/ब्यूरो। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में 19 फरवरी को गढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुपखार रेंज में हुई मुठभेड़ में हॉक फोर्स द्वारा चार महिला नक्सलियों को मार गिराया गया था। पुलिस को मिली इस सफलता के बाद आईजी संजय कुमार और एसपी नगेन्द्र सिंह ने गुरुवार को पत्रवार वार्ता आयोजित की। उन्होंने बताया कि चारों महिला नक्सलियों की पहचान हो गई है। चारों पर 62 लाख रुपये का ईनाम घोषित था।

आईजी संजय कुमार ने मुठभेड़ के दौरान हुई फायरिंग और दलों के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते बताया गया कि कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के नक्सलियों के एक समूह की उपस्थिति की सूचनाएं एकत्रित हुए थी। इसके बाद बुधवार को जिला पुलिस बल और हॉक फोर्स द्वारा रौंदा गढ़ीदादर व कटोलदेही में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जब हॉक फोर्स व पुलिस बल द्वारा संदिग्ध क्षेत्र में सर्चिंग की जा रही थी। उसी दौरान 20 से 25 नक्सलियों के समूह द्वारा पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। तब सुरक्षा बलों द्वारा जान की परवाह न करते हुए जवाबी फायरिंग शुरू की गई। फायरिंग में चार हार्डकोर वदीर्धारी महिला नक्सली मारी गई। इसके पास से एक इंसास मैग्जीन के साथ, एक एसएलआर रायफल मैग्नीज के साथ, 303 व 315 रायफल और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई।

मुठभेड़ में ये मारी गई महिला नक्सली

पत्रकार वार्ता में बताया गया कि सुकमा में भोरमदेव एरिया कमेटी कमांडर आशा पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सुकमा में जगरगुंडा की शीला उर्फ पदम उर्फ सरिता जो एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी से जुड़ी थी। इस पर 14 लाख का इनाम था। कोंडागांव की रंजिता एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी जिस पर 14 लाख रुपये और सुकमा की लक्खे मरावी एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी पर भी 14 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इन चारों को मुठभेड़ में मार गिराया गया। इसके अलावा कुछ नक्सली घने जंगल के सहारे भागने में कामयाब हुए है। हॉक फोर्स, पुलिस पार्टी और सीआरपीएफ द्वारा बड़े क्षेत्र में सर्चिंग जारी है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और रोजगार को मिलेगा

रायपुर/ब्यूरो। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए गए नये दुकान एवं स्थापना अधिनियम को व्यापारिक जगत और नागरिकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस ऐतिहासिक फैसले से रोजगार के अवसरों में वृद्धि, व्यापारिक गतिविधियों के सुगमतापूर्वक संचालन के साथ ही राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। खासतौर पर, दुकानों को बिना समय सीमा के संचालित करने की अनुमति मिलने से कारोबारियों के लिए व्यापार सुविधाजनक होगा और उपभोक्ताओं को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। हालांकि, यह अधिनियम शराब दुकानों पर लागू नहीं होगा।

अधिकारियों के अनुसार सरकार का यह निर्णय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। नए नियमों से छोटे दुकानदारों को राहत, पंजीयन प्रक्रिया में सरलता, और कर्मचारियों के अधिकारों का बेहतर संरक्षण सुनिश्चित किया गया है।पहले से पंजीकृत दुकानों को 6 महीने के भीतर श्रम पहचान संख्या प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा, लेकिन इसके लिए

कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि 6 महीने के बाद आवेदन किया जाता है, तो नियमानुसार शुल्क अनिवार्य होगा। नए अधिनियम के तहत, व्यापारी अब अपनी दुकानें सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे खोलने के लिए स्वतंत्र होंगे। हालांकि, यह निर्णय पूरी तरह से व्यापारियों की इच्छा पर निर्भर करेगा। इस पहल से व्यवसायिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी, जिससे नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

पुरानी व्यवस्था के अनुसार, सप्ताह में एक दिन दुकान बंद रखना अनिवार्य था, लेकिन अब यह प्रतिबंध हटा दिया गया है। हालांकि, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिया जाए और किसी भी कर्मचारी से 8 घंटे से अधिक कार्य न कराया जाए।

सरकार ने व्यापारिक स्वतंत्रता देने के साथ ही श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा है। दुकानदारों को श्रम कल्याण से संबंधित सभी प्रावधानों का पूर्ववत पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। इसके तहत साप्ताहिक अवकाश का प्रावधान अनिवार्य होगा, किसी भी कर्मचारी से 8 घंटे से अधिक कार्य नहीं कराया जा सकेगा और श्रम कल्याण योजनाओं का पालन सुनिश्चित करना होगा।

यह अधिनियम राज्य की आर्थिक गतिविधियों को नए आयाम देने के साथ-साथ व्यापारियों को अधिकतम स्वतंत्रता और सुविधा प्रदान करता है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल छत्तीसगढ़ में व्यापारिक गतिशीलता बढ़ेगी, बल्कि राज्य के राजस्व में भी वृद्धि होगी।छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम न केवल व्यापार और उद्योग के लिए एक बड़ा सुधार है, बल्कि एक मजबूत और समावेशी आर्थिक प्रणाली की नींव भी रखता है।

संरक्षक: संजय शुक्ला,(सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक: रिजवान सैफ खान

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुक्वी ,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

कोरबा : आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सको को अपना पंजीयन शीघ्र नवीनीकरण कराने किया गया निर्देशित

कोरबा /ब्यूरो। छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सक जिनका पंजीयन स्थानीय परिषद में 24 जुलाई 2002 से 31 दिसंबर 2019 के मध्य हुआ है। शासन के निदेर्शानुसार उन्हें छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक, यूनानी तथा प्राकृतिक व्यवसायी अधिनियम 1970 की धारा 21, परिषद की संपन्न 17 वीं एवं 20 वीं बैठक में लिए गए निर्णयों तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग विनियम 2023 (आचार एवं पंजीयन) की धारा 7 के परिपालन में अपने पंजीयन का नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित थी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिकित्सकों के द्वारा उक्त अवधि में अपने पंजीयन का नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

ग्वालियर: बोर्ड परीक्षाओं के लिये शासकीय कन्या उमावि शिंदे की छावनी से बंटेगी सामग्री

ग्वालियर/ब्यूरो। जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के लिये प्रश्न-पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं सहित अन्य परीक्षा सामग्री का वितरण जयेन्द्रगंज स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिंदे की छावनी से वितरित की जायेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) विवेक कुमार ने गुरुवार को वितरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला पंचायत सीईओ विवेक कुमार ने निरीक्षण के दौरान कहा कि राजीव प्लाजा से परीक्षा सामग्री वितरण केन्द्र यानी शासकीय कन्या उमावि शिंदे की छावनी तक की एप्रोच रोड दुपहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों के लिये आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रखा जाएगा, जिससे परीक्षा सामग्री वितरण में बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने शासकीय सेवकों को भी इस व्यवस्था का पालन करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल के तहत हायर सेकेण्ड्री (12वी) की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होकर 25 मार्च तक आयोजित होंगीं। इसी तरह

हाई स्कूल (10वी) की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 21 मार्च तक चलेंगी। जिला पंचायत सीईओ विवेक कुमार ने स्ट्रांग रूम, प्रश्न-पत्र व उत्तर पुस्तिका वितरण स्टॉल पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया। साथ ही सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा सामग्री वितरित करने के लिये की गई बैरीकेटिंग देखी। उन्होंने इस अवसर पर निर्देश दिए कि सभी केन्द्राध्यक्ष निर्धारित समय पर परीक्षा सामग्री प्राप्त करने के लिये वितरण केन्द्र पहुँचें।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी